# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार,16 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 14 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 39 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ बंगाल में हिन्दुओं पर अत्याचार,सख्ती की जरुरत

'भूल भुलैया-8' में नजर आएंगी कियारा आडवाणी ◂◂ 6


# रांची के सुखदेवनगर सब्जी मंडी में लगी आग, मची अफरा तफरी



मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह से सब्जी मंडी में अफरा तफरी मच गई। सुबह का समय होने की वजह से काफी लोग सब्जी लेने के लिए मंडी पहुंचे थे। पुलिस, दमकल कर्मी और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रांची के सुखदेव नगर थाना के ठीक सामने स्थित सब्जी मंडी में बुधवार की सुबह आग लग गई। आग की वजह से एक घंटे तक सब्जी मंडी के पास अफरा तफरी मची रही। स्थनीय लोगों ने बताया की आग सब्जी के बॉक्स और कैरेट में लगी थी, जो धीरे धीरे पूरे मार्केट में फैल गई। आग की लपटें इतनी जल्दी से फैली की सब्जी मंडी के दोनो ही मालों पर आग फैल गई। आग की लपटें काफी तेज होने के कारण नजदीक से कोई पानी भी नही डाल पा रहा था। सुखदेवनगर थाने के द्वारा मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई जिसके बाद टीम किसी तरह मंडी पहुची और आग पर काबू पाया।

**भारी नुकसान :** मौके पर मौजूद सब्जी कारोबारियों ने बताया कि आज की वजह से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। किसी का आलू जल गया तो किसी का प्याज। आलू प्याज के साथ-साथ सबसे ज्यादा सब्जी रखने वाले कैरेट जले हैं। सब्जी कारोबारी को लाखों का नुकसान हुआ है।

**नशेड़िओ की वजह से आग की आशंका :** आग लगने की वजह से जिन दुकानदारों का नुकसान हुआ है उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह सबसे बड़ी वजह नशेड़ियों का जमावड़ा है। सब्जी मंडी में नशा करने वाले लोग गांजा पीते हैं अंदेशा है कि आज भी उन्हीं की वजह से लगी है।

## बोकारो थर्मल पावर प्लांट के एचटी पैनल में आग लगी, उत्पादन ठप



मेट्रो रेज

**बोकारो:** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर से नीचे एचटी पैनल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के बाद एक यूनिट को बंद किया गया, वहीं दूसरा पैनल पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। घटना बुधवार सुबह लगभग सवा आठ बजे की है।

**शार्ट सर्किट से एचटी पैनल में लगी आग**

**घटना** के संबंध में बताया जाता है कि पावर प्लांट के टरबाइन फ्लोर के नीचे साढ़े तीन मीटर हाईट पर स्थित एचटी पैनल के इलेक्ट्रिकल ब्रेकर के वन बीबी बोर्ड में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। आग लगने की सूचना पावर प्लांट स्थित सीआईएसएफ फायर विंग को दी गई। फायर विंग के जवानों एवं अधिकारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता हासिल की।

**बोर्ड जलकर खाक**

**जब** तक आग को बुझाया गया तब तक पैनल और बोर्ड पूरी तरह से जलकर खाक हो गया था। आग के कारण इलेक्ट्रिकल सिस्टम काम नहीं करने पर यूनिट भी ट्रिप कर गया। घटना के समय यूनिट से लगभग 350 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था।

## पश्चिमी सिंहभूम में डायन-बिसाही के आरोप में वृद्धा की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम:** पश्चिमी सिंहभूम के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के महुलडीहा गांव में डायन-बिसाही के आरोप में वृद्धा की टांगी से गला काटकर हत्या कर दी गयी। घटना मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। वृद्धा दोपहर का भोजन कर अपने खलिहान में आराम कर रही थी। इसी दौरान महुलडीहा गांव निवासी गंगाराम बोयपाई का बड़ा बेटा महेंद्र बोयपाई हाथ में टांगी लेकर पहुंचा। डायन का आरोप लगाते हुए प्रगाणा बोयपाई की पत्नी पूनम बोयपाई को खोजने लगा। वह नहीं मिली, तो खलिहान में सो रही उसकी 67 वर्षीय मां पार्वती हेम्ब्रम के गला को टांगी से काट दिया। उसके बाद महेंद्र फरार हो गया।

**थाना प्रभारी विनोद पासवान पहुंचे घटनास्थल**

घटना की खबर मिलते ही पश्चिमी सिंहभूम के कुमारडुंगी थाना प्रभारी विनोद पासवान घटनास्थल पर पहुंचे। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस दौरान पता चला कि हत्यारोपी महेंद्र बोयपाई गांव छोड़कर भागने के फिराक में है। पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी। महेंद्र को रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। महेंद्र ने अबतक हत्या की बात नहीं स्वीकारी है।

## देवघर के सिविल सर्जन को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा



**देवघर:** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने देवघर के सिविल सर्जन को रंगे हाथ 70 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है। दुमका एसीबी की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए बेला बागान स्थित आवास से सिविल सर्जन को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक, सिविल सर्जन ने अस्पताल से जुड़े एक काम की रिपोर्ट देने के नाम पर घूस की मांग की थी। लेकिन वादी घूस देने को तैयार नहीं था। इसके बाद वादी ने एसीबी से इसकी शिकायत की थी। एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया तो घूस मांगे जाने की बात सही पायी गयी। इसके बाद एसीबी ने सिविल सर्जन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम सिविल सर्जन को अपने साथ दुमका लेकर चली गयी।

## अलका तिवारी होंगी झारखंड की नयी मुख्य सचिव!



**रांची :** आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। भारत सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है। इसके बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है। अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं। फिलहाल वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। वह झारखंड के कई जिलों में डीसी के पद पर भी काम कर चुकी हैं। बता दें कि वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर आईएएस एल ख्यांगते पदस्थापित हैं। एल ख्यांगते इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होंगे। झारखंड में अचार संहिता लागू हो गया है। इस कारण मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापन का फैसला चुनाव आयोग को ही लेना है।

## हुंडरू फॉल के पास सेल्फी ले रहा बंगाल का युवक स्वर्णरेखा नदी में डूबा

**रांची:** अनगड़ा में हुंडरू फॉल के समीप सेल्फी लेने के दौरान स्वर्णरेखा नदी में डूबने से पश्चिम बंगाल के एक युवक की मौत हो गयी।



**पश्चिमी मेदिनीपुर का रहने वाला था छात्र अनिमेष दास :** एक अन्य की जान बच गयी। मृत युवक की पहचान पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मेदिनीपुर जिला के सबंग थाना क्षेत्र के नारायण बाड़ निवासी अनिमेष दास (18) के रूप में हुई है। वह 12वीं का छात्र था।

**2 बसों से हुंडरू फॉल घूमने आए थे 78 विद्यार्थी :** आइडियल कोचिंग सेंटर (सबंग) के 78 विद्यार्थी व शिक्षक दो बसों से रांची के अनगड़ा प्रखंड स्थित हुंडरू फॉल घूमने आये थे। शिक्षक गौतम कुमार मान्ना ने बताया कि अनिमेष दास व सुधांशु प्रधान पांच-छह सहपाठियों के साथ हुंडरू फॉल से ऊपर स्वर्णरेखा नदी में नहाने गये थे।

**पत्थर की ओट में फंसे युवक की बच गई जान :** इसी दौरान दोनों युवकों का पैर फिसला और वे नदी में जा गिरे। साथियों ने दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। सुधांशु प्रधान किसी प्रकार पत्थर की ओट में फंस गया, जिससे उसकी जान बच गयी। अनिमेष दास गहरे पानी में डूब गया।

## झारखंड बीजेपी आज जारी कर सकती है प्रत्याशियों की लिस्ट



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही भाजपा एक्टिव हो गई है। मंगलवार देर रात तक दिल्ली में भाजपा के संसदीय बोर्ड की बैठक हुई है। प्रत्याशियों के नाम पर मुहर भी लग चुकी है। एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा, आजसू और जदयू के बीच सीटों का तालमेल फाइनल हो गया है। लिहाजा, आज ही उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने की पूरी संभावना है। वैसे झारखंड बीजेपी के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भी स्पष्ट कर दिया था कि चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के 48 घंटे के भीतर लिस्ट जारी हो जाएगी। आजसू को 10, जदयू को दो और लोजपा (रामविलास) को एक सीट दिए जाने की संभावना है। 13 नवंबर को पहले फेज में 43 सीटों पर चुनाव होना है। प्रत्याशियों के लिहाज से चुनाव की तैयारी करने के लिए बहुत कम समय बचा है। अब सवाल है कि कौन-कौन से सीटिंग विधायक का टिकट कट सकता है और कौन-कौन से नए चेहरे सामने आ सकते हैं। इस मामले में रांची और कांके सीट पर भाजपा नए नाम सामने ला सकती है।

रांची से नवीन जायसवाल और कांके से कमलेश राम भाजपा के प्रत्याशी हो सकते हैं। हटिया सीट पर कोई नया चेहरा सामने आ सकता है। इसके अलावा चंदनकियारी से नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, राजधनवार से बाबूलाल मरांडी, सरायकेला से चंपाई सोरेन, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, बोकारो से बिरंची नारायण, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, गिरिडीह से निर्भय शाहाबादी, खिजरी से रामकुमार पाहन, झरिया से रागिनी सिंह, बरकट्ठा से अमित यादव का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। इस बात की पूरी संभावना है कि पोटका से पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा मैदान में उतरें। पूर्व सांसद रहे सुनील सोरेन को दुमका, सुदर्शन भगत को गुमला, रविंद्र पांडे को बेरमो का प्रत्याशी बनाया जा सकता है। अरुण उरांव को सिसई, मनोज यादव को बरही, नागेंद्र महतो को बगोदर, गंगा नारायण सिंह को मधुपुर के मैदान में उतर जा सकता है।

## उमर अब्दुल्ला ने ली जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ, सुरेंद्र चौधरी बनो उपमुख्यमंत्री

**श्रीनगर :** श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आज जम्मू-कश्मीर की नई सरकार का गठन हुआ, जहां उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ कुल पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली, जिनमें सुरेंदर चौधरी,जावेद राणा, सतीश शर्मा, सकीना इतू और जावेद अहमद डार शामिल हैं। इस समारोह में बड़ी संख्या में राजनीतिक हस्तियों की उपस्थिति रही, जिससे इस नई सरकार के गठन का व्यापक महत्व और गूंज दिखाई दी।

इस अवसर पर सबसे प्रमुख नाम सुरेंद्र चौधरी का रहा, जो जम्मू के नौशेरा से चुनाव जीतकर उपमुख्यमंत्री बने। चौधरी ने भाजपा के कद्दावर नेता रविंद्र रैना को हराकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। यह जीत नेशनल कांफ्रेंस के लिए बड़ी राजनीतिक सफलता मानी जा रही है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी ने इस नई सरकार में शामिल न होने का निर्णय लिया है। इसके बजाय, कांग्रेस बाहर से समर्थन देगी, क्योंकि पार्टी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की अपनी मांग पर अडिग है। कांग्रेस के इस रुख ने सरकार की संरचना और समर्थन की दिशा में एक अहम मोड़ डाला है।

इस शपथ ग्रहण समारोह में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, फारूक अब्दुल्ला, अखिलेश यादव, महबूबा मुफ्ती, संजय सिंह और डी राजा सहित विपक्षी दलों के अन्य प्रमुख नेता भी मौजूद रहे, जो इस सरकार के प्रति विपक्ष के रुख और समर्थन को प्रदर्शित करता है।



**इस अवसर पर सबसे प्रमुख नाम सुरेंद्र चौधरी का रहा, जो जम्मू के नौशेरा से चुनाव जीतकर उपमुख्यमंत्री बने। चौधरी ने भाजपा के कद्दावर नेता रविंद्र रैना को हराकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।**

## हरियाणा में फिर से नायब सैनी सरकार, भाजपा विधायक दल के चुने गए नेता

मेट्रो रेज

**हरियाणा :** नायब सिंह सैनी हरियाणा के नए मुख्यमंत्री होंगे। हरियाणा में आज हुई बीजेपी विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया है। गौरतलब है कि इस बार बीजेपी अपने दम पर हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। शपथ ग्रहण की तैयारियां भी जोरो शोरो से चल रही है। आज गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में बीजेपी विधायक दल की बैठक हुई । इस बैठक में हरियाणा प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सह-प्रभारी विप्लव देब, और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी शामिल हुए। अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को इस बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है था।



**सीएम के शपथ ग्रहण की तैयारियां जारी :** चुनाव के दौरान पंचकूला में अमित शाह ने खुद कहा था कि नायब सिंह ही मुख्यमंत्री बनेंगे। वहीं 17 अक्टूबर को होने वाले सीएम पद के शपथ ग्रहण की भी तैयारियां की जा रही हैं। अमित शाह ने ज्यादातर चुनावी राज्यों में संगठन और रणनीति को संभालने का दायित्व निभाया है और पार्टी में ह्यचाणक्यह्न की भूमिका निभाते आए हैं।

**जानिए नायब सिंह सैनी ने क्या कहा? :** हरियाणा भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद नायब सिंह सैनी ने कहा, ह्नहरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर विश्वास रखते हुए तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है और लोगों ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहते हैं, मैंने घोषणा की थी कि 24,000 युवाओं की भर्ती परीक्षा के परिणाम पहले घोषित किए जाएंगे और उसके बाद मैं शपथ लूंगा। उस वादे को पूरा करते हुए कल परिणाम घोषित किए जाएंगे। भाजपा जो कहती है, वह करती है।

## प्री पोल ड्यूटी के लिए मिला 100 कंपनी अर्द्धसैनिक बल

**रांची :** विधानसभा चुनाव 2024 से पहले प्री पोल ड्यूटी के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड को 100 कंपनी अर्द्धसैनिक बल मिल गया है। इनमें सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आइटीबीपी शामिल हैं। इन बलों को राज्य के सभी 24 जिलों में तैनात किया जायेगा। तीन से पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बल एक-एक जिला को मिल सकेगा। इन बलों को फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन, चेकिंग आदि के कार्यों में लगाया जायेगा, ताकि आमजनों में यह विश्वास जगे कि चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी।

**590 कंपनी अर्धसैनिक बल की झारखंड ने की है मांग**

झारखंड में 13 नवंबर व 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। 23 नवंबर को मतगणना होगी। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झारखंड पुलिस ने चुनाव आयोग से 590 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की मांग की है। अभी तक अंतिम निर्णय नहीं हुआ है कि कितना अर्द्धसैनिक बल झारखंड को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव 4 फेज में हुए थे। विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान झारखंड को 230 कंपनी अर्द्धसैनिक बल मिले थे।

## 9 साल बाद पाकिस्तान की धरती पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर

### एससीओ समिट में पीएम शहबाज ने किया स्वागत

**इस्लामाबाद :** 9 साल के लंबे अंतराल के बाद भारतीय विदेश मंत्री डॉ। एस। जयशंकर ने पाकिस्तान की धरती पर कदम रखा। वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे हैं, जो इस बार पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित हो रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण में, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जयशंकर का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे दोनों देशों के बीच रिश्तों में एक नई दिशा की संभावनाओं पर चर्चा शुरू हो गई है।



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद में रउड शिखर सम्मेलन के स्थल पर विदेश मंत्री डॉ। एस जयशंकर का स्वागत किया। विदेश मंत्री एससीओ परिषद के शासनाध्यक्षों की 23वीं बैठक में भाग लेने के लिए पाकिस्तान में हैं।

विदेश मंत्री डॉ। एस जयशंकर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, मंगोलिया के प्रधानमंत्री ओयुन-एरडीन लुवसन्नामराय और अन्य नेताओं ने इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की 23वीं बैठक में ग्रुप फोटो खिंचवाई।

आपको बताते चलें, शंघाई सहयोग संगठन एक यूरेशियाई राजनीतिक, आर्थिक, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा संगठन है जिसकी स्थापना 2001 में चीन और रूस ने की थी। इसका मुख्यालय बीजिंग में है और इसकी स्थापना चीन, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तजाकिस्तान ने मिलकर की थी।

एससीओ एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो राजनीति, व्यापार, अर्थव्यवस्था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संस्कृति, शिक्षा, ऊर्जा, परिवहन, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण आदि क्षेत्रों में प्रभावी सहयोग को प्रोत्साहित करके सदस्य राज्यों के बीच आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी की भावना को मजबूत करने पर जोर देता है।

## दुर्गा सोरेन सेना के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं सीता सोरेन

# हेमंत सरकार पर साधा निशाना

मेट्रो रेज

**धनबाद :** जिले के श्यामडीह में मंगलवार को दुर्गा सोरेन सेना का स्थापना दिवस मनाया गया। दुर्गा सोरेन सेना युवा मोर्चा के नेता सुनील पासी के नेतृत्व में बाघमारा के श्यामडीह में दुर्गा सोरेन सेना का चौथा स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री सह दिवंगत दुर्गा सोरेन की धर्मपत्नी सीता सोरेन शामिल हुईं। साथ में दुर्गा सोरेन सेना की केंद्रीय अध्यक्ष जयश्री सोरेन और कार्यकारिणी अध्यक्ष राजश्री सोरेन भी मौजूद रहीं। वहीं सैकड़ों की संख्या में सेना के समर्थक कार्यक्रम में शामिल हुए।

**सीता ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना :** कार्यक्रम के दौरान




भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने मीडिया से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। दिनदहाड़े गोली और बम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को बरगलाने और वोट बैंक के लिए मंईयां सम्मान योजना लेकर आई है। चुनाव के समय में ऐसी योजना लाना केवल वोट बैंक साधने का प्रयास है। सीता सोरेन ने कहा कि अगर महिलाओं के सम्मान को लेकर सरकार चिंतित थी तो पिछला विधानसभा चुनाव जीतने के साथ ही इस योजना को लाना चाहिए था।

**दुर्गा सोरेन के सपनों को करेंगे साकार**

वहीं कार्यक्रम में जोहार के साथ सीता सोरेन ने अपना संबोधन शुरू किया। इस दौरान उन्होंने दुर्गा सोरेन जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वहीं दुर्गा सोरेन सेना की अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष जय श्री एवं राज श्री ने कहा कि यह सेना उनके दिवंगत पिता दुर्गा सोरेन के नाम पर बनायी गई है। उनके सपनों को साकार करने के उद्देश्य से यह सेना बनाई गई है। उनके पिता ने हमेशा लोगों की मदद करने की बात सिखायी थी। इसी सिद्धांत पर दुर्गा सोरेन सेना चल रही है। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक संगठन है।

**महिलाओं को माला पहनाकर किया सम्मानित**

वहीं कार्यक्रम की शुरूआत में महिलाओं को सीता सोरेन ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कई महिलाओं ने धनबाद में पानी की समस्या से सीता सोरेन को अवगत कराया। सीता सोरेन ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा।

## विभावि के वीसी ने एलुमनाई एसो. की भूमिका को सराहा

मेट्रो रेज

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के नवनियुक्त प्रभारी कुलपति डॉ। पवन कुमार पोद्दार से सोमवार को एलुमनाई एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने औपचारिक भेंट की। विश्वविद्यालय के एलुमनाई से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ। पोद्दार ने बैठक के दौरान एलुमनाई एसोसिएशन की भूमिका को सराहनीय बताया और कहा कि यह संगठन विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को एक साझा मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एलुमनाई का सहयोग विश्वविद्यालय की प्रगति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कुलपति ने सुझाव दिया कि सभी पूर्व छात्रों की एक व्यापक बैठक आयोजित की जाए, जिससे अधिक से अधिक पास-आउट छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में एलुमनाई एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय परिसर में संगठन के लिए एक स्थायी कार्यालय आवंटित करने की मांग की, ताकि उनकी गतिविधियों का सुचारू संचालन हो सके। इसके साथ ही, संगठन के विभिन्न मुद्दों को लेकर कुलपति के समक्ष अपनी जरूरतें रखीं। डॉ। पोद्दार ने संगठन की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करेगा। इस मुलाकात से विश्वविद्यालय और एलुमनाई एसोसिएशन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे आने वाले समय में विभावि के विकास को गति मिलेगी। इस मौके पर एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ मोहम्मद मंसूर आलम फाखरी, सचिव डॉ सनी कुमार मेहता, उपाध्यक्ष डॉ अमिता कुमारी, कोषाध्यक्ष प्रभात प्रधान, सह सचिव जया सिन्हा, मीडिया प्रभारी मोहम्मद फजल, अनिमा, मुकेश राम प्रजापति व भैरव आनंद शामिल थे।

## झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर रांची में निषेधाज्ञा, 23 नवंबर तक रहेगा प्रभावी

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही प्रशासन पूरी तरह रेस है। इसी कड़ी में राज्य की राजधानी और रांची विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए निषेधाज्ञा जारी की गयी है। चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी विधान सभा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा जारी कर दिया है।

**प्रशासन की ओर से आदेश जारी**

अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची, उत्कर्ष कुमार के द्वारा राजधानी में निषेधाज्ञा जारी कर दिया गया है। डीसी कार्यालय से



जारी सूचना में बताया गया है कि दिनांक- 15।10।2024 के अपराह्न 03:30 बजे से दिनांक- 23।11।2024 के रात्रि 11।00 बजे तक लागू रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश में बताया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2024 की घोषणा कर दी गई है और घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

इस अवधि में विभिन्न राजनितिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए जनसभा/जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जनसभा और जुलूस में राजनितिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित और आंतकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित/असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है। जिसको लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची, उत्कर्ष कुमार के द्वारा निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी विधान सभा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा जारी करते हुए निम्नांकित आदेश जारी किया है।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया गया जीत का मंत्र

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव तैयारी में जुटी भाजपा एससी सीटों पर फतह करने के लिए हर मुमकिन प्रयास कर रही है। इसके तहत झारखंड की सभी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा गया है। मंगलवार 15 अक्टूबर को इसे लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी और सोशल मीडिया प्रभारियों की हुई एक दिवसीय कार्यशाला सह बैठक में एससी सीटों को जीतने के टिप्स दिए गए।

**पीएम मोदी गरीबी खत्म करने को कटिबद्ध**

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि गरीबी को नजदीक से देखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की सत्ता को संभाला है, गरीबों के उत्थान के लिए ही काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से गरीबी हटाने के लिए कटिबंध हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देश के चार करोड़ लोगों को पक्का




मकान दिया है और 3 करोड़ नए पक्का मकान देने की योजना है, जबकि 11 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए हैं और तकरीबन 11 करोड़ घरों में गैस कनेक्शन दिया गया है। इतना ही नहीं 14 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी भी पहुंचाया गया है।

**कांग्रेस से जनता को बचने की जरूरत**

उन्होंने कहा कि देश को गरीबी से मुक्त बनाने के लिए भाजपा कटिबद्ध है, जबकि झूठ और नफरत फैलाने वाले कांग्रेस पार्टी से देश के लोगों को बचने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस पार्टी के झूठ का विष भी पीना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार है, तब तक आरक्षण को खरोंच भी आने नहीं दिया जाएगा।

**आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा**

वहीं इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार है, तब तक आरक्षण को खरोंच भी आने नहीं दिया जाएगा। संविधान और आरक्षण को खत्म करने की कल्पना भी भारतीय जनता पार्टी के रहते नहीं की जा सकती है।

**कांग्रेस की नीयत और नीति पर उठाए सवाल**

उन्होंने कांग्रेस की नीयत और नीति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा दशकों से देखा जा रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। झारखंड की 41 अनुसूचित जाति बहुल सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज करेगी।

**कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र**

इस मौके पर प्रदेश के मोर्चा ओर सोशल मीडिया के प्रभारियों को उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता देश के बाहर आरक्षण और संविधान को कमजोर करने की झूठी बात फैलाकर देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 97 बार संविधान संशोधन, 72 चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया और संविधान की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ भी किया। कांग्रेस के नेता देश के बाहर, देश के भीतर लोगों को बीच जहर घोलने का काम कर रहे हैं।

## राज्यपाल ने धनबाद में एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन



मेट्रो रेज

**धनबाद।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को धनबाद में एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में व्याप्त विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल है। अवलोकन के दौरान राज्यपाल ने कहा कि यह अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं से सुसज्जित है, जो जटिल बीमारियों के इलाज में सक्षम होगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से आह्वान किया कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को भी स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी सुविधा मिले, इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। राज्यपाल ने अस्पताल के संस्थापकों, चिकित्सकों, नर्सों और सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह अस्पताल आने वाले वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा और धनबाद तथा आसपास के क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

## बीएसएफ के 373 नवआरक्षकों ने ली देश सेवा की शपथ

मेट्रो रेज

**हजारीबाग :** सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र से हजारीबाग की देशभर में पहचान है। यहां विदेशों से भी सेना के पदाधिकारी और जवान ट्रेनिंग लेते हैं। मंगलवार को 373 नवआरक्षकों ने ट्रेनिंग पूरी कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए। अब ये जवान देश सुरक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बता दें कि हजारीबाग के बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र एवं स्कूल के रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में मंगलवार को दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुल 373



नवआरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली।

इस दौरान भव्य पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया एवं भारत माता की जय के नारे के साथ नवआरक्षकों ने देश की अखंडता, एकता के लिए तिरंगे के नीचे शपथ ली। 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन के साथ नवआरक्षकों ने बुनियादी प्रशिक्षण पूरा किया। दीक्षांत परेड में बैंड की धुन पर कदम से कदम ताल मिलाकर जवानों ने परेड किया। वहीं दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महानिरीक्षक केएस बनियाल ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर हजारीबाग और आसपास के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए और परेड का आनंद उठाया।

इस मौके पर महानिरीक्षक केएस बनियाल ने नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आज इस दीक्षांत परेड के बाद औपचारिक तौर पर सीमा सुरक्षा बल जो भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है उसके सदस्य बन गए हैं। बीएसएफ में कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं। उन्होंने नवआरक्षकों के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि आपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर जो महत्वपूर्ण योगदान दिया है इसे कभी भुला नहीं जा सकता है।

**44 सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा**

44 सप्ताह के प्रशिक्षण में देश के कोने-कोने से नवआरक्षक शामिल हुए। जिसमें पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु सहित कई राज्यों से जवान पहुंचे थे। प्रशिक्षण के बाद सभी जवान अब बीएसएफ के अंग बन पाए हैं। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को हथियार चलाना, विभिन्न कानून की जानकारी, अंतरराष्ट्रीय कानून की जानकारी, मानवाधिकार, आतंकवाद, उग्रवाद से निपटने का भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावे खेलकूद और सामाजिक गतिविधि में हिस्सा लेने की भी इन्हें प्रशिक्षण दिया गया।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### बोकारो में मिट्टी में दबा मजदूर, दो घंटे की मशक्कत के बाद सकुशल निकाला बाहर



**बोकारो:** जिला के चीरा चास थाना अंतर्गत तलगड़िया मोड़ के पास गैस पाइपलाइन के लिए गड्ढे की खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान चंदनकियारी के बरमसिया का रहने वाला मजदूर लालटू महतो मिट्टी में दब गया। मजदूर को मिट्टी में दबता देख मौके से जेसीबी के ड्राइवर और ठेकेदार फरार हो गए। स्थानीय लोगों को जब इसकी सूचना मिली तो उनलोगों ने लगभग 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद मजदूर को मिट्टी खोदकर निकाला। मजदूर पूरी तरह से सुरक्षित है।

इस मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मजदूर पूरी तरह से ठीक है। लापरवाही की जांच की जा रही है। अगर प्रथम दृष्टि यह किसी की लापरवाही का मामला प्रतीत होता है तो उस पर कार्रवाई भी की जाएगी। मजदूर को निकालने के दौरान मौजूद रहे स्थानीय सुमित ने बताया कि वो कुछ लोगों के साथ रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान मजदूर के दबे होने की जानकारी उन्हें मिली। मिट्टी के अंदर मजदूर के दबे रहने के कारण कुछ भी दिखाई नहीं पड़ रहा था और ना ही उसका शरीर दिखाई पड़ रहा था। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाल लिया गया है। इस प्रकार की घटना को रोक लगाने के लिए प्रशासन को इसपर ध्यान देना चाहिए।

प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों ने बताया कि चीरा चास इलाके में गैस पाइपलाइन के लिए खुदाई का काम चल रहा है। इसी क्रम में यहां पर मजदूर मिट्टी खोद रहे हैं और मशीनों की मदद से मिट्टी हटाई जा रही है। मिट्टी कटने के कारण गड्ढे में काम कर रहे मजदूर के ऊपर मिट्टी गिर गयी। मिट्टी ज्यादा होने के कारण मजदूर काफी नीचे चला गयी। इस घटना को देख जेसीबी ड्राइवर और ठेकेदार उसकी जान बचाने के बजाए वहां से फरार हो गए। इसी दौरान ग्रामीणों की मदद से जेसीबी ड्राइवर को पकड़कर लाया और दोबारा मिट्टी हटवाकर मजदूर को निकाला गया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**रामगढ़:** जिले के भदानीनगर ग्लास फैक्ट्री डैम स्थित रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लगभग 10 बजे रेलवे ट्रेक पर क्षत विक्षत शव देखने के बाद भदानीनगर पुलिस और रेलवे को जानकारी दी गई, जिसके बाद भदानीनगर ओपी प्रभारी पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास में जुटी है। फिलहाल शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है, पुलिस इसे आत्महत्या, हत्या या हादसा तीनों पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और छानबीन में जुटी है।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने दिये कंपोजिट शराब दुकानों पर कार्रवाई के निर्देश

**रामगढ़:** छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें आयुक्त ने वन प्रमंडल विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं फॉरेस्ट जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने व अवैध खनन के विरुद्ध व्यापक रूप से अभियान चलने का निर्देश दिया। उन्होंने उत्पाद विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में निर्देश दिये। पवन ने कहा कि जिले में जितने भी कम्पोजिट शराब की दुकाने हैं उन सभी दुकानों का औचक निरीक्षण कर एमआरपी, डुप्लीकेसी आदि से संबंधित निरीक्षण करें। किसी भी तरह से गलत पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में स्थित बार और क्लब का भी निरीक्षण कर मानकों की जांच करने का निर्देश दिया। जिला परिवहन द्वारा किए जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने ट्रांसपोर्टिंग में चलने वाले गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर, ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन को लेकर जिले के मुख्य मार्गों पर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में संचालित पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर मानकों पर नहीं पाए जाने वाले संबंधित पेट्रोल पंप संचालक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### धनबाद में बाइक चोरी करते धराया युवक, लोगों ने जमकर की धुनाई



**धनबाद :** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में बाइक चोरी की कोशिश करने के आरोप में लोगों ने एक युवक को पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी। लोगों के मुताबिक अस्पताल परिसर में खड़ी बाइक को युवक अपनी चाबी से खोलने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान लोगों की नजर उस पर पड़ गई। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद सरायढेला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई है।

तीन युवक पहुंचे थे बाइक चोरी करने इस संबंध में एसएनएमएमसीएच अस्पताल के निजी सुरक्षा एजेंसी कमांडो सिक्यूरिटी के स्टाफ राज हांडी ने बताया कि अस्पताल के मुख्य द्वार के बगल से ओपीडी जाने वाली गैलरी के बगल में कई बाइक खड़ी थी और युवक दो अन्य साथियों के साथ बाइक की लॉक खोलने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान उनकी नजर युवक पर पड़ गई। लोगों की नजर पड़ते ही तीनों युवकों ने भागने की कोशिश की। जिसमें से दो युवक तो भागने में सफल रहे, लेकिन एक युवक को लोगों ने दबोच लिया। युवक को पकड़ने के बाद लोगों ने जमकर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद युवक को पुलिस को सौंप दिया गया। सिक्यूरिटी स्टाफ ने बताया कि लगातार अस्पताल परिसर से बाइक चोरी की घटनाएं हो रही हैं। वहीं मौके पर गोविंदपुर के रहने वाले जितेन रजक ने बताया कि उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं। सोमवार को अपनी बाइक खड़ी कर वार्ड के अंदर मां को देखने के लिए गए थे। वापस लौटने के बाद उनकी बाइक नहीं मिली। सोमवार को करीब 11 बजे उनकी बाइक चोरी हुई थी।

# झारखंड चुनाव : 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाता अपने घरों से करेंगे मतदान

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता अपने घरों में बैठकर मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। इसके अलावा एक निर्धारित सीमा के अंदर आने वाले दिव्यांग मतदाताओं को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए उन्हें पहले आयोग की ओर से जारी एक प्रपत्र (फॉर्म 12 डी) भरना होगा।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार ने मंगलवार शाम एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाना और चुनावी प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना आयोग की प्राथमिकता है। सभी मतदान केंद्रों पर सीधी निगरानी के लिए वेबकास्टिंग कराई जाएगी।



उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से तारीखों की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कहीं से भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना मिलने पर उसका सत्यापन करके तत्काल सख्त कार्रवाई करें। कोई भी नागरिक सी विजिल ऐप के जरिए इससे संबंधित शिकायत कभी भी दर्ज करा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दो चरणों में होने वाले मतदान के दौरान प्रत्येक बूथ पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार पूरे राज्य में 41 मतदान केंद्र बढ़ाए गए हैं। कुल 29,521 बूथों पर मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गई है। चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का इंतजार कम हो, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक ऐप भी जारी करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केंद्रों की स्थिति, मसलन मतदान केंद्र पर कितने लोग कतार में हैं, यह जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे।

## झारखंड में चुनावों के ऐलान के साथ एनडीए और 'इंडिया' ब्लॉक ने किए जीत के दावे

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राज्य में एनडीए और इंडिया ब्लॉक ने अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं।

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि यह झारखंड को बचाने का चुनाव है। झामुमो, कांग्रेस और राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ₹बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का उत्पीड़न हो रहा है। यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। यह आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का, युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है।

उन्होंने आगे लिखा, मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनायेंगे।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारा विश्वास है कि हम झारखंड में एक बार फिर जीत का इतिहास दोहराएंगे। राज्य की जनता पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के साथ है।

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इस चुनाव में कुव्यवस्था हारेगी और जनता विजयी होगी। यह चुनाव कुशासन के खिलाफ एक लड़ाई है, जिसे हमें जीतना है। झारखंड की जनता परिवर्तन के लिए बेताब है।

झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा, ₹झारखंड की अत्याचारी - महा भ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विदाई की अंतिम गिनती शुरू हो चुकी है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर लिखा, ₹चुनावों को घोषणा हो गई। भाजपा की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई। खांटी एवं शुद्ध भाजपायी रघुवर दास को पहले से ही किनारे कर दिया गया है तो कौन होगा उनका सीएम का उम्मीदवार?

## रांची में मतदान की तिथि बदलने की मांग, गुरुद्वारा प्रतिनिधियों ने चुनाव आयुक्त से की मुलाकात

**रांची।** झारखंड के मुख्य चुनाव आयुक्त से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मेन रोड एवं गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने रांची में होने वाली मतदान की तिथि को बदलने का अनुरोध किया। क्योंकि यह तिथि श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के दिन है। इस दिन नगर कीर्तन निकाला जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को बताया कि पिछले 57 साल से यह परंपरा चली आ रही है और इस वर्ष 13 नवंबर को शोभायात्रा निकालने की तिथि निर्धारित की गई है। लेकिन इसी दिन रांची विधानसभा के लिए मतदान भी होना है। इसलिए उन्होंने चुनाव की तिथि को बदलने के लिए ज्ञापन देकर आग्रह किया है।

वहीं इस विषय पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी जानी विक्रमजीत सिंह, अर्जुन देव मिढ़ा, त्रिलोचन सिंह अकाली, सुरेश मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, गुरविंदर सिंह मखीजा आदि कई लोग शामिल थे।



## हार के डर से बौखला गया है झामुमो: प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चुनाव आयोग द्वारा दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा का स्वागत किया है। कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बेवजह इस पर आपत्ति जता रहा है। संविधान में यह स्पष्ट है कि चुनाव आयोग चुनाव वाले राज्यों में छह महीने पहले तक चुनाव कराने के लिए सक्षम है। झारखंड में इस सरकार ने 59 महीना तक लूट और भ्रष्टाचार का शासन किया है। फिर एक महीने के लिए इनको इतनी बेचैनी क्यों? कई बार तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कह चुके हैं कि हम चुनाव के लिए किसी भी समय तैयार हैं। फिर चुनाव की घोषणा के बाद यह छटपटाहट क्यों?

**जनता को सरकार से मुक्ति चाहिए**

इस चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा जनता उत्साहित है। जनता को हेमंत सोरेन के भ्रष्ट शासनकाल से मुक्ति चाहिए। प्रदेश के 2 करोड़ 60 लाख लोग हेमंत सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए 13 और 20 नवंबर को अपना वोट डालेंगे। आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत होगी और हेमंत सरकार इतिहास के पन्नों में सिमट जाएगी।

**जनता वोट के जरिये चोट देने को तैयार है**

प्रतुल ने कहा कि दरसल झामुमो के नेताओं को पता है कि झारखंड में समाज के हर वर्ग के लोगों इनकी सरकार ने ठगा है। इसलिए समाज का हर तबका इस सरकार को वोट के जरिए चोट देने को तैयार है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार को पता है कि झारखंड में यह उनकी अंतिम सरकार होगी। क्योंकि पांच वर्षों में इस राज्य की जनता ने भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न ,युवाओं के साथ वादाखिलाफी, लूट-खसोट, घोटालों का नंगा नाच देखा है। उससे अब जनता मुक्ति चाहती है।

## अजय नाथ शाहदेव ने युवाओं के साथ किया संवाद

**रांची:** पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव ने मंगलवार को सेक्टर 2 धुर्वा में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा युवाओं के मजबूत साथ और सहयोग से हम हटिया में विकास की नयी गाथा लिखेंगे। इतिहास गवाह है कि युवाओं ने अपने जिद और जज्बे से हमेशा क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में हटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से हजारों युवा पहुंचे थे, जिन्हें संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हटिया में युवाओं के रोजगार की व्यवस्था मेरी प्राथमिकता है। क्षेत्र में आईटी पार्क की स्थापना सहित अलग-अलग उद्योगों की स्थापना कराने पर मेरा जोर होगा। नगड़ी और रातू प्रखंड के युवा खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की स्थापना कर खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने पर मेरा विशेष फोकस रहेगा।




**हटिया, रातू, नगड़ी में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करेंगे :** अजय ने कहा कि युवा फिट तंदुरुस्त तो रहेंगे ही साथ खेल को अपना कैरियर बनाते हुए आगे बढ़ने में भी सहयोग मिलेगा। हटिया, रातू, नगड़ी में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करेंगे। नगड़ी में सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल खुलवाना लक्ष्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विशेष लाभ होगा। गांवों में एजुकेशन सिस्टम पर काम करेंगे। सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करेंगे। गांव के बच्चों को भी उनके स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों जैसी शिक्षा मिलेगी। स्कूलों में खेल, संगीत के लिए भी शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। छात्रों के लिए लाइब्रेरी की स्थापना कराते हुए उनके लिए विशेष फंड की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे जिससे वे बाहर जाकर उच्चतर पढ़ाई कर सके।लाइव खेल ऑनलाइन देखें

**पैसे के अभाव में गरीब छात्रों को पढाई से वंचित नहीं होने देंगे :** अजय ने कहा कि पैसों के अभाव में गरीब छात्रों को पढाई से वंचित नहीं होने देंगे। लड़कियों के लिए रातू और नगड़ी से कॉलेज के लिए फ्री बस सेवा शुरू करेंगे। कुडुख भाषा सेंटर की स्थापना करेंगे और भाषा की समृद्धि के लिए काम करेंगे। विकास कार्यों में सरकारी फंड का दुरूपयोग रोकेंगे और उसमें पारदर्शिता लाना लक्ष्य है मेरा। युवा संवाद में शामिल युवक-युवतियों ने भी अपनी बातें खुल कर रखीं। युवाओं ने एक स्वर से अजय नाथ शाहदेव को मजबूत साथ देने की बात कही। युवा संवाद में अमर उरांव, नारायण उरांव,बजरंग महतो, निरंजन कुमार महतो,रेणु तिर्की,रायमुनी किस्पोट्टा,कुशल उरांव,अरसद कुरैशी सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से घबरा गई है भाजपा : विनोद पांडेय

मेट्रो रेज

**रांची :** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड में चुनाव की घोषणा को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि आखिर चुनाव आयोग ने इतनी जल्दबाजी में झारखंड में चुनाव की घोषणा क्यों की है। महाराष्ट्र में चुनाव समय पर हो रहे हैं, क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को पूरा हो रहा है। पंचम झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा होगा। चुनाव आयोग की घोषणा से एक दिन पहले असम के मुख्यमंत्री व भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्व सरमा ने यह बता दिया था कि मंगलवार को चुनाव आचार संहिता लग जाएगा। इससे दो प्रश्न उठते हैं। एक चुनाव आयोग भाजपा के निर्देश पर चल रहा है, या दूसरा चुनाव आयोग के फैसले की जानकारी भाजपा को पहले मिल जाती है।




**राज्य के परिपक्व मतदाता भाजपा को चुनाव में सबक सिखाएंगे :** पांडेय ने कहा कि दोनों की स्थिति में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा होता है। कहीं न कहीं भाजपा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता और उनके नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार में जनहित में लिए जा रहे ऐतिहासिक निर्णयों से भाजपा घबरा गई है। यही वजह है कि हेमंत सोरेन को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया जा रहा है। जनादेश से बनी इंडिया गठबंधन की सरकार को गठन के एक घंटे बाद से ही भाजपा तमाम तरह के असंवैधानिक, अनैतिक हथकंडे अपनाकर अपदस्थ करने का षड़यंत्र रचती रही है। यह बात किसी से छुपी नहीं है। जनता को भाजपा के एक-एक षड़यंत्र की जानकारी है। राज्य के परिपक्व मतदाता भाजपा को विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएंगे।

**हरियाणा में त्योहार के मद्देनजर चुनाव की तारीख बढ़ाई गई :** विनोद पांडेय ने कहा कि हाल में मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में आयोग की टीम ने झारखंड का दौरा किया था। विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ झामुमो ने भी दीपावली, छठ महापर्व को मद्देनजर रखते हुए इसके बाद चुनाव कराने का आग्रह किया था। इसके अलावा राज्य गठन के मद्देनजर 15 नवंबर को स्थापना दिवस के बाद चुनाव कराने का अनुरोध किया भी किया गया था। हरियाणा में त्योहार के मद्देनजर चुनाव की तारीख बढ़ाई गई, लेकिन झामुमो के किसी आग्रह को चुनाव आयोग ने नहीं माना। इतनी जल्दबाजी की वजह सभी समझ रहे हैं और भाजपा को इसका जवाब मिलेगा। समय से पहले चुनाव कराने का जवाब जनता हेमंत सोरेन को फिर से पांच साल के लिए सत्ता सौंप कर देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### रांची सीट पर दावा झामुमो का, मगर कांग्रेस के दावेदार पोस्टर वार में जुटे

**रांची :** झारखंड में चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी है। सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में लग गये हैं। सीट बंटवारे को लेकर भी मंथन चल रहा है। वहीं रांची सीट को लेकर यह करीब-करीब तय हो चुका है कि यह झामुमो का ही रहेगा। यानि कि झामुमो इस सीट चुनाव लड़ेगा। इंडिया गठबंधन में अब तक ऑफिशियली सीट शेयरिंग का बंटवारा नहीं हुआ है। मगर इस सीट को लेकर दावेदार अपने-अपने तरीके से तैयारी में जुटे हैं और पार्टी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है।

**रांची सीट से कांग्रेस की ओर से ये हैं प्रमुख दावेदार :** रांची सीट से झामुमो की प्रबल दावेदार राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी जमीनी स्तर पर कई महीनों से तैयारी में जुटी हैं। सांसद अपने पुराने कैडर को चुस्त-दुरूस्त करने में जुटी हैं, एक-एक कार्यकर्ता और सपोर्टर को निजी तौर पर उनके सहयोगी फोन करके हाल-चाल पूछ रहे हैं। दुआ-सलाम भी जारी है। रांची शहर में विगत एक साल से ही पोस्टर उनकी शोभा बढ़ा रहे हैं। मगर दूसरी तरफ कांग्रेस के दावेदार सोशल मीडिया पर पोस्टर वार शुरू कर दिया है। इस पोस्टर में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी सबसे आगे नजर आ रहे हैं। रांची सीट से इस बार कांग्रेस की ओर से प्रमुख दावेदारों में राजेश सिन्हा सन्नी के अलावा प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजेश गुप्ता छोटू, प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल, रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा आदि शामिल हैं। राजेश सिन्हा सन्नी तो इतने आगे बढ़ चुके हैं कि चुनाव की घोषणा के पूर्व ही कैडरों के साथ कई बैठक करके अपनी दावेदारी को मजबूत करने में जुट गये थे। वहीं चुनाव घोषणा होते ही सन्नी ने सोशल मीडिया में पोस्टर जारी किया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। अब रांची सीट किसके खाते में जाती है, इसका इंतजार सभी को है।

### नव प्रोन्नत एएसआई को बैच पहनाकर किया गया सम्मानित

**रांची :** रांची पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में नव प्रोन्नत एएसआई को बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसएसपी, सिटी एसपी, कोतवाली और सदर डीएसपी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। मौके पर एसएसपी ने कहा कि नवप्रोन्नत एएसआई ऐसा बदलाव लायें, जिससे खुद के साथ-साथ रांची पुलिस की एक अच्छी छवि बन सके। सम्मानित किये गये नवप्रोन्नत पुलिसकर्मियों में खुशी साफ झलक रही थी। बता दें कि झारखंड पुलिस मुख्यालय ने बीते दिनों करीब दो हजार पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति दिया था।

### नरबली के जुर्म में जेल में बंद साबिया, सबा और शहजादी 7 साल बाद निकलेंगी जेल से बाहर

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने 6 वर्षीय मासूम की नरबली करने के जुर्म में जेल में बंद तीन दोषियों को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। दरअसल गुमला सिविल कोर्ट ने वर्ष 2017 में 4 लोगों साबिया, सब्बा, शहजादी और जमील को नरबली करने के जुर्म में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। इसके खिलाफ तीनो दोषियों ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इस केस के चौथे दोषी जमील को हाईकोर्ट से पहले ही बेल मिल चुकी है। साबिया, सब्बा और शहजादी की अपील पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई। दोषियों की ओर से हाईकोर्ट की अधिवक्ता शौर्या द्विवेदी ने बहस की। साबिया, सब्बा और शहजादी तीनो सगी बहनें हैं। इनके खिलाफ एक छह वर्षीय मासूम की बली देने का जुर्म सिद्ध हुआ था। निचली अदालत द्वारा सजा सुनाये जाने के बाद तीनो दोषी 7 वर्ष से जेल की सलाखों के पीछे थी। हाईकोर्ट लीगल सर्विस पैनल के जरिये दोषियों ने अधिवक्ता शौर्या द्विवेदी को अपना अधिवक्ता नियुक्त किया था।

### विधानसभा चुनाव के लिए पूर्वी सिंहभूम में 1145 भवनों में बनाए गए 1913 मतदान केंद्र

**जमशेदपुर :** चुनाव की घोषणा के साथ ही पूर्वी सिंहभूम जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। पूर्वी सिंहभूम जिले में पहले चरण 13 नवंबर को मतदान होना है। समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने तैयारियों एवं निर्वाचन के संबंध में जिला प्रशासन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बताया कि जिले के 1145 भवनों में कुल 1913 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा कुल 18,73,589 वोटर्स हैं जिनमें 9,33,684 पुरुष और 9,39,742 महिला वोटर्स हैं। वहीं 163 थर्ड जेंडर मतदाता इस बार मतदान करेंगे। सर्विस वोटर्स की संख्या 2045 है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 6742 है, विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग वोटर की संख्या 15945, आयुवार 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 83750, 20-29 आयु वर्ग में 395106, 30-39 आयु वर्ग में 502451 मतदाता और 39-49 आयु वर्ग में 378884, 50-59 आयु वर्ग में 266514 मतदाता, 60-69 आयु वर्ग में 158350 मतदाता तथा 70-79 आयु वर्ग में 69535, 80-89 आयु वर्ग में 16935 तथा 90-99 में 2025 मतदाता और 100-109 आयु वर्ग में 37, 110-119 आयु वर्ग में एक एवं 120 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में एक मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन आयोग की पहल पर इस बार भी होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए सर्वे का कार्य बीएलओ द्वारा कराया जा रहा है। विधि व्यवस्था संधारण एवं चुनाव पर्यवेक्षण हेतु 18 एफएसटी, 21 एसएसटी, 06 वीवीटी, 14 वीएसटी, 06 एटी, 233 सेक्टर पदाधिकारी, 14 एमसीसी के अलावा 9182 मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

अंतरराज्यीय और अंतर जिला चेकपोस्ट पर रखी जाएगी निगरानी

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव के पारदर्शी, स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर अंतरराज्यीय व अंतरजिला चेकनाका पर सघन निगरानी और चेकिंग बढ़ा दी गई है। असामाजिक तत्वों और चुनाव को प्रभावित करने वाले आपराधिक तत्वों के विरूद्ध अभियान जारी है। लाइसेंसी हथियार का सत्यापन थाना स्तर से कराने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिले में पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बल और पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

### डुमरिया में अंचलाधिकारी ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**जमशेदपुर :** डुमरिया अंचल कार्यालय में मंगलवार को नव पदस्थापित अंचलाधिकारी(सीओ) पवन कुमार ने विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं के साथ आदर्श आचार संहिता को लेकर बैठक आयोजित की। सीओ ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के 72 घंटे के भीतर अपने-अपने दल के बैनर, पोस्टर एवं दीवार लेखन आदि हटायें। इसके उपरांत विधिवत अनुमति के बाद प्रचार सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। अन्यथा यह आदर्श आचार संहिता उलंघन के दायरे मे आ जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी दल के नेताओं से अपील की कि मतदान को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मे संपन्न कराना अपेक्षित है। अंचलाधिकारी ने सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा जताई और कहा कि लक्ष्य रहे कि कम से कम 70 से लेकर 85 फीसदी मतदान कराना सबकी जिम्मेदारी बन जाए। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन ने अंचलाधिकारी से कहा कि सुदूर क्षेत्रों के मतदान केंद्र को सुरक्षा कारणों से नजदीक लाई गई थी।

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## कानून-व्यवस्था पर चुनौती

**महाराष्ट्र** के पूर्व मंत्री और नेता बाबा सिद्दीकी की विजयादशमी के दिन मुंबई के बांद्रा में हुई हत्या अगर अचानक सबसे बड़े चुनावी मुद्दे के रूप में उभरती दिख रही है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। विधानसभा चुनावों के ऐन पहले हुई इस हत्या ने न केवल सबको सकते में डाल दिया बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या देश की वित्तीय राजधानी एक बार फिर गैंगवॉर और अंडरवर्ल्ड के खौफ वाले दौर का गवाह बनने जा रही है। सड़कों पर शूटआउट, गैंगवॉर और बड़े कारोबारियों, बिल्डरों, फिल्मी हस्तियों को धमकियां, वसूली, यहां तक कि हत्या भी मुंबई के लिए कोई नई बात नहीं हैं। नब्बे के दशक के उस दौर की यादें आज भी आम मुंबईकरों के मन से मिटी नहीं हैं। लेकिन कुछ तो मुंबई पुलिस की सख्ती और कुछ आर्थिक गतिविधियों के स्वरूप में आए बदलाव ने उस दौर को अतीत के हिस्से का रूप दे दिया। सिद्दीकी की हत्या से वही डरावना अतीत अचानक वर्तमान में दस्तक देता महसूस हुआ। जिस तरह पहले से धमकी देकर और -लेवल पुलिस सुरक्षा को भेदते हुए बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई, वह अपराधियों के बढ़े हुए मनोबल के साथ ही पुलिसिया तंत्र की कमजोरी भी दर्शाता है। शुरूआती रिपोर्टों में अपराध को अंजाम देने और उसकी जिम्मेदारी लेने के अंदाज के आधार पर इसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग की करतूत बताया जा रहा है। हो सकता है यह सच हो, लेकिन ह्यसलमान खान का साथ देनाह्ल इतनी बड़ी वारदात का कारण होगा, यह मानना मुश्किल है। ध्यान रहे, इन चुनावों में धारावी री-डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट एक बड़ा मुद्दा है। खुद बाबा सिद्दीकी भी ईडी जांच के घेरे में थे। उन पर महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन पद के दुरुपयोग का आरोप था। इस मामले में 462 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हो चुकी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच से हत्या के असली कारणों का खुलासा होगा। मगर सबसे बड़ी चुनौती है वित्तीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने नहीं देने की। हाल के दिनों में मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में ऐसी कई घटनाएं हुईं जिनसे यह संकेत गया कि पुलिस-प्रशासन की कानून-व्यवस्था पर पकड़ कमजोर हो रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इस घटना के बाद सबसे पहले यही कहा कि गैंगवॉर जैसे हालात किसी भी सूरत में नहीं बनने देना है। उनके ये शब्द ही सरकार और प्रशासन की सबसे बड़ी कसौटी होंगे।

## किसान आंदोलन के नाम पर बवाल

**जाहिर है** कांग्रेस पार्टी गुरनाम सिंह चढ़ूनी के बयान से किनारा ही करेगी लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि किसानों के नाम पर खड़ा किया गया आंदोलन पूरी तरह राजनीतिक था और इसका एकमात्र मकसद मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करना था। देश ने हाल के कुछ वर्षों में कई आंदोलन देखे। सबसे पहले जन लोकपाल के लिए आंदोलन हुआ। इस आंदोलन को मिले समर्थन के बलबूते अरविंद केजरीवाल सत्ता की सीढ़ियां चढ़ कर अपनी मंजिल पर पहुँच गये लेकिन दिल्ली में जन लोकपाल नहीं बनाया। देश ने दिल्ली में हरियाणा के कुछ पहलवानों का आंदोलन भी देखा। यह पहलवान राजनीति के अखाड़े में कूदने के लिए उसी खेल को नुकसान पहुँचाते रहे जिसकी बदौलत उन्होंने दौलत और शोहरत कमाई। देश ने किसान आंदोलन भी देखा। किसानों के कल्याण और उनके बेहतर भविष्य के लिए मोदी सरकार जो तीन कानून लेकर आई उसके बारे में भ्रम फैला कर देशभर में किसानों का आंदोलन खड़ा कर दिया गया जिसके चलते सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े। खुद को किसान कहने वाले आंदोलनकारियों ने कानून व्यवस्था का भी खूब मजाक बनाया और सरकार को झुकाने का अभियान सफलतापूर्वक चलाकर दिखाया। मगर अब इस किसान आंदोलन का सच एक प्रमुख आंदोलनकारी ने ही देश के सामने रख दिया है।

हम आपको बता दें कि भारतीय किसान यूनियन के चढ़ूनी गुट के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा है कि किसानों ने हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया था। मीडिया में छपी खबरों के मुताबिक गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा है कि किसानों ने हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया था, लेकिन पार्टी ने सब कुछ वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर छोड़ दिया था। संयुक्त संघर्ष पार्टी के संस्थापक चढ़ूनी ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण यही बताया है। चढ़ूनी के बयान पर सियासत भी शुरू हो गयी है और भाजपा ने कांग्रेस से इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण की मांग भी की है। जाहिर है कांग्रेस चढ़ूनी के बयान से किनारा ही करेगी लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि किसानों के नाम पर खड़ा किया गया आंदोलन पूरी तरह राजनीतिक था और इसका एकमात्र मकसद मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करना था। समय-समय पर इस आंदोलन से जुड़े तमाम सच सामने आते ही रहे हैं। टूलकिट गैंग के सदस्यों ने भोले भाले किसानों को बरगला कर अपने राजनीतिक हित तो साध लिये मगर अन्नदाता का नुकसान करवा दिया। आम किसानों का कैसे अपने राजनीतिक हितों के लिए इन तथाकथित किसान नेताओं ने दुरुपयोग किया यह हमने लोकसभा चुनावों के दौरान भी देखा था। तीनों कृषि कानून काफी पहले ही यानि साल 2022 के अंत में ही वापस लिये जा चुके थे लेकिन उसके बावजूद 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान पंजाब में भाजपा के सभी उम्मीदवारों के घर के बाहर बड़ी संख्या में किसानों को धरने पर बैठा दिया गया था। पंजाब में चुनाव प्रचार की कवरेज के दौरान जब मैंने संगरूर, लुधियाना, अमृतसर, पटियाला आदि क्षेत्रों में धरने पर बैठे लोगों से पूछा कि आपकी मांगें क्या हैं तो सबका जवाब एक ही था कि सारी समस्याओं के हल तक हम यहां से नहीं हटेंगे। जब मैंने पूछा कि समस्याएं क्या हैं तो हर जगह से यही जवाब मिला कि स्कूल अच्छे बनने चाहिए, अस्पतालों में सारी सुविधाएं होनी चाहिए, सड़कें अच्छी बननी चाहिए। स्पष्ट था कि यह धरना प्रदर्शन भी एक टूलकिट का हिस्सा था। लोकसभा चुनावों के लिए मतदान होते ही यह प्रदर्शनकारी भाजपा उम्मीदवारों के घर के बाहर से हट गये। ऐसा लगा कि उनकी सारी समस्याओं का या तो समाधान हो गया है या टूलकिट के तहत दिया गया टास्क पूरा हो गया है। वैसे जहां तक चढ़ूनी की बात है तो आपको बता दें कि उन्होंने हरियाणा में कुरुक्षेत्र की पेहोवा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। यहां जनता ने मात्र 1170 वोट देकर उनकी जमानत तक जब्त करा दी। हम आपको यह भी याद दिला दें कि इन तथाकथित किसान नेताओं ने 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों में भी किस्मत आजमाई थी। पंजाब की 31 में से 22 किसान यूनियनों ने संयुक्त समाज मोर्चा नामक पार्टी बनाकर चुनाव लड़ा था और किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार भी घोषित किया था। लेकिन एक को छोड़कर इनके बाकी उम्मीदवार अपनी जमानत तक नहीं बचा पाये थे। अब हरियाणा में भी इस पार्टी का जो हश्र हुआ है उससे साफ है कि आम जनता और आम किसानों का समर्थन इन लोगों के पास कभी भी नहीं था। विदेशी इशारे पर और विदेशी पैसे के बलबूते भारत की छवि को खराब करने और सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का जो षड्यंत्र रचा गया था उसका सच सामने आ चुका है। यह समय है कि देश सतर्क हो जाये और गैर-राजनीतिक आंदोलनों की असली मंशा को पहचाने। बहरहाल, चढ़ूनी के बयान पर हमलावर होते हुए भाजपा ने कहा है कि जिस किसान आंदोलन को सहज और स्वाभाविक बताया गया था, वह दरअसल कांग्रेस की ओर से 'प्रायोजित और पोषित' था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि चढ़ूनीजी का जो वक्तव्य आया है, उसने एक बार फिर उजागर कर दिया है कि कांग्रेस की जमीन के अंदर क्या छुपा हुआ है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, सख्ती की जरूरत

बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, दुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**ललित गर्ग**

बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमलें, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें।

बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता एवं कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस समस्या को गंभीर बना रहा है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी वहां के हिंदुओं के लिए ही नहीं, भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इन हमलों एवं कट्टरतावादी शक्तियों का सक्रिय होना भारत एवं बांग्लादेश दोनों ही देशों के लिये खतरनाक है। कट्टरपंथियों के निरंकुश बने रहने से वहां की सरकार के इरादे और इच्छाशक्ति सवालों के घेरे में है।

भारत ने उचित तरीकों से ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्तों में खटास घोलते हुए एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। दुगार्पूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा एवं डरा देने वाली है। जेशोश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुगार्पूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लगातार बिगड़ती स्थितियों में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। यह एक अराजकता की स्थिति है।

बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, ह्यह्यदुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है ह्लह्ल देश के दुश्मनों की ओर इशारा करते हुए मोहन भागवत ने कहा, ह्यह्यभारत लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा होता है तो उसकी राह में अडंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं। इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलता रहता है ह्ल लेकिन किसी राष्ट्र को कमजोर करने के लिये हिंदुओं यानी अल्पसंख्यकों पर हमलों का सहारा लेना, उन्हें प्रोत्साहित करना विकृत एवं अराष्ट्रीय मानसिकता का द्योतक है।

वैसे भी बांग्लादेश का विकास भारत के सहयोग पर निर्भर है, जिस भू-भाग को रवींद्रनाथ टैगोर ह्यआमार सोनार बांग्लाह्ल (मेरा स्वर्णिम बंगाल) कहते थे, जहां की अर्थ-व्यवस्था एवं अन्य विकास योजनाएं भारत के सहयोग से ही आगे बढ़ती रही है, कभी भारत की कोशिशों से ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश को आधी से ज्यादा बिजली भारत से मिलती है। अनाज की बड़ी सप्लाई भी भारत से होती है। अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे। फिर भी अगर बांग्लादेश नहीं सुधरता है तो समय आ गया है कि हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं पर भारत कड़ा रुख अख्तियार करे। बांग्लादेश पर दबाव बनाने के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से उठाना चाहिए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने की जरूरत है।

हिन्दू धर्म भारत की संस्कृति एवं आत्मा है। हिन्दू धर्म संयम, त्याग और बलिदान का धर्म है। इसमें हमेशा दूसरे धर्मों को सम्मान देने का काम किया है। हिन्दू धर्म उदारता, प्रेम, आपसी सद्भाव और सहनशीलता पर आधारित धर्म है। हिन्दू धर्म की सहिष्णुता को कमजोर मानकर हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य लगातार होता रहा है। वैसे तो प्रत्येक धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं, किन्तु विकृत मानसिकता वाले लोगों ने हिन्दू धर्म को मध्यकाल से ही नीचा दिखाने की कोशिशें कीं। भारत पर लगातार आक्रांताओं के हमले होते रहे और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया गया। हिन्दुओं के लाखों मंदिर तोड़े गए। हिन्दुओं से अपने ही देश में हिन्दू होने पर ह्यजजियाह्ल यानि कर लगाया गया। पूर्व की सरकारों ने भी वोट की राजनीति के चलते हिन्दुओं को दोयम दर्जा पर रखा। फिर भी हिन्दू धर्म ने उदारता और सहनशीलता को नहीं छोड़ा। अगर हिन्दू कट्टर होता तो अन्य धर्मों के लोग भारत में नहीं दिखते। देश बंटवारे के समय पाकिस्तान में 20 प्रतिशत से ज्यादा हिन्दू थे लेकिन आज उनकी आबादी 2 प्रतिशत भी नहीं रही और भारत में मुसलमानों की आबादी 2 प्रतिशत से 20 प्रतिशत नहीं होती। यह हिन्दू उदारता का ही परिणाम है। लेकिन प्रश्न है कि आखिर कब तक हिन्दू ऐसी अग्नि परीक्षा देता रहेगा? कब तक हिन्दू की सहिष्णुता को कमजोरी मानकर उन पर अत्याचार होते रहेंगे? कब तक हिन्दू शक्तिसम्पन्न होकर भी निर्बल बना रहेगा? इन सवालों के जबाव तलाशने होंगे वर्ना हिन्दुओं को अस्तित्वहीन करने की कोशिशें कामयाब होती रहेगी।

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# मलेरिया से भी गंभीर है डेंगू का दंश

सामान्यत: यह माना जाता है कि डेंगू के कारण तेजी से प्लेटरेट में कमी आती है पर विशेषज्ञों का मानना है कि प्लेटरेट से भी ज्यादा गंभीर होता है ब्लड प्रेशर में कमी आना है। प्लेटरेट के साथ ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखना जरूरी हो जाता है। यह ध्यान रखना अधिक जरूरी हो जाता है कि ब्लड प्रेशर लो नहीं होना चाहिए। डेंगू का असर सीधे लीवर पर पड़ता है और ब्लड के अंत:स्राव की समस्या हो जाती है। जो अपने आप में गंभीर होती है।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

भारत सहित दुनिया के देशों में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया के देश डेंगू को लेकर अब गंभीर हो गए हैं। इसका बड़ा कारण है कि दुनिया के 130 देश डेंगू की जद में आ चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस समय 4 अरब लोग डेंगू से प्रभावित हो रहे हैं और 2050 तक यह आंकड़ा पांच अरब को पार कर जाएगा। भारत की बात की जाए तो देश के लगभग हर प्रदेश में डेंगू के नित नए केस सामने आ रहे हैं। भले यह माना जाता हो कि डेंगू के कारण मौत की दर बहुत कम है और सामान्यतः डेंगू सामान्य पेरासिटामोल व डॉक्टरों की सलाह के अनुसार पेय पदार्थ एलोरा जूस आदि लेने से ठीक हो सकता है।

सामान्यतः यह माना जाता है कि डेंगू के कारण तेजी से प्लेटरेट में कमी आती है पर विशेषज्ञों का मानना है कि प्लेटरेट से भी ज्यादा गंभीर होता है ब्लड प्रेशर में कमी आना है। प्लेटरेट के साथ ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखना जरूरी हो जाता है। यह ध्यान रखना अधिक जरूरी हो जाता है कि ब्लड प्रेशर लो नहीं होना चाहिए। डेंगू का असर सीधे लीवर पर पड़ता है और ब्लड के अंतःस्राव की समस्या हो जाती है। जो अपने आप में गंभीर होती है। उल्टी होने से डिहाईड्रेशन की समस्या अधिक गंभीर हो जाती है। समस्या यह है कि डेंगू का तीन-चार दिनों बाद पता चलता है। इसलिए सावधानी सबसे बड़ी जरूरी हो जाती है। डेंगू के लगातार बढ़ते प्रकोप के बीच दुनिया के विभिन्न देश इससे जूझने की व्यापक तैयारियां कर रहे हैं। इंडोनेशिया में ड्रोन से सर्वे कर मच्छरों के लार्वा की खोज करके नष्ट करने का यह परिणाम रहा है कि डेंगू के मामलों में 70 फीसदी तक कमी आई है। इसी तरह डेंगू से बचाव के लिए डेंगू मच्छर का खात्मा करने वाले एंटीडेंगू मच्छर को दुनिया के करीब 14 देशों में छोड़े जाने का निर्णय किया गया है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में एंटीडेंगू मच्छर का सफल प्रयोग किया जा चुका है और ब्राजील में बड़ा केन्द्र बनाते हुए बोल्वाशिया मच्छर का उत्पादन आरंभ कर दिया गया है। हालांकि किन 14 देशों में एंटी डेंगू मच्छरों को छोड़ा जाएगा यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अभी किया जाना है। पर एक बात साफ हो चुकी है कि डेंगू पर समय रहते रोक अभियान चलाया जाना आवश्यक है क्योंकि डेंगू अब किसी देश की सीमा में बंधा नहीं रह गया है।

देश-दुनिया की सरकारों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामने डेंगू बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। डेंगू की गंभीरता को देखते हुए ही गैर सरकारी वर्ल्ड मास्कीटों प्रोग्राम के तहत एंटीडेंगू मच्छर विकसित किया गया है। 2023 में इंडोनेशिया में इनका प्रयोग किया जा चुका है और इनके प्रभाव से 95 प्रतिशत तक सकारात्मक प्रभाव देखा गया है। 2011 में आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में लगातार चार बरसाती सीजन में एंटीडेंगू मच्छर का प्रयोग किया गया और दावा किया गया कि वहां चार बरसातों में एक भी डेंगू का मामला सामने नहीं आया। इन मंच्छर में एक बैक्टिरिया वोल्वाशिया पापीएंटिस डाला गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इससे बीमारी वाले मच्छरों को वायरस फैलाने से रोकने में सफल होंगे। अब तक के परीक्षणों में यह खरे भी उतरे हैं।

डेंगू एडीज एजिप्टी प्रजाति की मादा मच्छर के कारण बरसात के दिनों में तेजी से फैलता है। जमा पानी और गंदगी आदि में डेंगू मच्छर तेजी से बढ़ते हैं। जुलाई से सितंबर, अक्टूबर तक डेंगू का प्रकोप अधिक रहता है। शुरूआती दो-तीन दिन तक तो जांच में पता ही नहीं चलता है। डेंगू में 3 से 7 दिन अधिक गंभीर होते हैं। प्लेटरेट्स में तेजी से गिरावट होती है। डेंगू के कारण मौत तुलनात्मक रूप से कम है पर डेंगू का प्रभाव क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में एंटीडेंगू मच्छर शुभ संकेत माने जा सकते हैं। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए देश में ड्रोन का प्रयोग अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इंदौर में डेंगू मच्छरों को नष्ट करने के लिए ड्रोन के उपयोग का निर्णय किया गया है। देश के अन्य हिस्सों में भी ड्रोन का उपयोग किया जाने लगा है। ऐसे में डेंगू के प्रकोप को चुनौती के रूप में लेते हुए सरकार को ठोस प्रयास करने होंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने पर शुभ फल की होती है प्राप्ति

धार्मिक मान्यता के अनुसार, शरद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और मंत्रों का जाप करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। तो आइए जानते हैं शरद पूर्णिमा का शुभ मुहूर्त और पूजन विधि के बारे में।

आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा मनाई जाती है। शरद पूर्णिमा के मौके पर खीर बनाकर उसको पूरी रात के लिए चांद की रोशनी में रखा जाता है। फिर अगले दिन उस खीर का सेवन करना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से जातक के सुख-सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, शरद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और मंत्रों का जाप करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। तो आइए जानते हैं शरद पूर्णिमा का शुभ मुहूर्त और पूजन विधि के बारे में...

**शुभ मुहूर्त :** वैदिक पंचांग के मुताबिक 16 अक्टूबर को रात 08:40 मिनट पर आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत हुई है। वहीं 17 अक्तूबर 2024 को शाम 04:55 मिनट पर यह तिथि समाप्त हो जाएगी। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 16 अक्तूबर 2024 को शरद पूर्णिमा का व्रत किया जा रहा है। वहीं स्नान-दान आदि 17 अक्तूबर को किया जाएगा।



### इन मंत्रों का करें जप

ऊँ ह्रीं श्रीं क्रीं क्लीं श्री लक्ष्मी मम गृहे धन पूरये, धन पूरये, चिंताएं दूरये-दूरये स्वाहा:।
ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नम:
ॐ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन धान्याधिपतये
ॐ श्रीं ल्कीं महालक्ष्मी महालक्ष्मी एह्येहि सर्व सौभाग्यं देहि मे स्वाहा:
इसी के साथ कनक धारा स्तोत्र का पाठ करें।

**पूजन विधि :** इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि कर स्वच्छ वस्त्र पहनें और घर के उत्तर-पूर्व दिशा में साफ-सफाई कर एक लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं। इस चौकी पर मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु और चंद्र देव की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। अब पूजा में गंगा जल, धूप, दीपक, अक्षत, कपूर, फूल, सुपारी और पान के पत्ते आदि पूजन सामग्री शामिल करें।

इसके बाद मां लक्ष्मी, श्रीहरि विष्णु की मूर्ति को गंगाजल और दूध आदि से स्नान कराएं। अब नैवेद्य अर्पित कर आरती करें और मां लक्ष्मी को खीर का भोग जरूर लगाएं। फिर एक लोटे में जल, चावल और फूल डालकर चंद्रदेव को अर्घ्य दें। पूजा वाली खीर को रातभर के लिए चांद की रोशनी में रखें और फिर अगले दिन प्रसाद के रूप में बांटे और खुद भी खीर खाएं।

## धर्म-अध्यात्म

### कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है

**महाराज** भृर्तहरि के अनुसार मनुष्य के भाग्य में जितना धन पाना लिखा है, वह उसे रेगिस्तान में भी प्राप्त हो जायेगा, उससे अधिक सोने के पहाड़ पर भी प्राप्त नहीं होगा, अत: व्यक्ति को धैर्य रखना चाहिये। घड़े में उतना ही पानी समाएगा, जितने की उसकी क्षमता है, चाहे उसे किसी भी कुएं से भरा जाये अथवा समुद्र से। प्राचीन नीति शास्त्र और ग्रंथों में भाग्य का महत्व स्वीकार किया गया है, लेकिन यह भी बताया गया है कि भाग्य के साथ-साथ कर्म यानि प्रयास और पुरुषार्थ का भी बड़ा महत्व है। पंचतंत्र की एक कथा का सार भाग्य और पुरुषार्थ के रहस्य को बताता है, कथा अनुसार एक अज्ञानी व्यक्ति सोचता है कि वह बिना मेहनत किए राजा के समान जी सकता है, लेकिन उसे यह बाद में पता चलता है कि बिना कर्म के सिर्फ भाग्य पर भरोसा करने से कुछ नहीं होता। इसलिए नीति शास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य का भविष्य उसके हाथ में ही होता है और यदि वह सही दिशा में प्रयास करें तो वह अपने भाग्य को बदल सकता है। भाग्य और पुरुषार्थ के संतुलन को महत्वपूर्ण माना गया है। भाग्य व्यक्ति के जीवन का एक हिस्सा है लेकिन सही समय पर सही कर्म और बुद्धिमानी से निर्णय लेना भी आवश्यक है। मनुस्मृति के अनुसार अगर व्यक्ति निष्क्रिय होकर सिर्फ भाग्य का इंतजार करता है, तो वह असफल हो सकता है। कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है। भाग्य से प्राप्त होने वाली परिस्थितियां हमारे वश में नहीं होती, लेकिन उन पर प्रतिक्रिया कैसे देनी है, यह हमारे हाथ में होता है। अर्जुन का उदाहरण इस बात को स्पष्ट करता है, कि भाग्य महत्वपूर्ण है, लेकिन बिना पुरुषार्थ के सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। महाभारत के अनुसार पुरुषार्थी, भाग्य के अनुसार प्रतिष्ठा पाता है, पर अकर्मण्य असह्य दु:ख भोगता है। भाग्य परिस्थितियों को निर्धारित कर सकता है, लेकिन व्यक्ति के कर्म ही उसके परिणाम को प्रभावित करते हैं। भाग्य और कर्म दोनों साथ-साथ चलते हैं, लेकिन कर्म करने वाला ही भाग्य के साथ सफल होता है। पंचतंत्र के अनुसार मनुष्य को जिस वस्तु की प्राप्ति होनी है, वह अवश्य होगी, उसमें भाग्य भी बाधा नहीं डाल सकता। जो हमारा है, वह किसी अन्य का नहीं हो सकता।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### पीड़िता ने कानूनी कार्रवाई करने की लगाई गुहार

**साहिबगंजः** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कोदरजन्ना निवासी एक महिला अलवदा खातून ने बिना किसी कार्रवाई के अपने आरोपी पति नाजिर खान को छोड़ देने का आरोप पुलिस पर लगाया है। पीड़ित महिला ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि ससुराल से प्रताड़ित होने के बाद आने बच्चों के साथ मायके में रह रही हैं। इस बीच उसका पति गांव की एक लड़की को प्रेमजाल में फंसा कर फरार हो गया। इसके बाद उसका पति उक्त लड़की के साथ वापस गांव पहुंचा। ग्रामीण उसे थाना लेकर गए लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने अपने पति, उसके बड़े भाई व अन्य पर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### आचार संहिता लागू होते ही हटाए जाने लगे पोस्टर, बैनर

**लातेहार :** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उपायुक्त ने 24 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थानों पर लगी राजनैतिक संगठनों और उनके नेताओं की पोस्टर बैनर व अन्य प्रचार सामग्रियों को हटाने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने सभी राजनैतिक पार्टियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने बात कही। इधर, नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मियों ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों एवं मार्गों से राजनैतिक दलों के पोस्टर व बैनर को हटाने का काम शुरू कर दिया है। रंजन ने कहा कि नगर पंचायतकर्मी इस कार्य में लगे हैं। ज्ञात हो कि मंगलवार को झारखंड विधान सभा चुनाव की तिथि का एलान चुनाव आयोग द्वारा कर दी गई। सूबे में दो चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। लातेहार जिले के दोनों विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा।

### खामडीह में धारदार हथियार से युवक की हत्या

**पलामूः** सतबरवा थाना क्षेत्र के खामडीह गांव पूणार्डीह टोला के युवक सकिंदर साव 22 वर्ष पिता सुरेश साव की हत्या धारदार हथियार से कर दी गई। घटना सोमवार की रात की है। सूचना पाकर सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। मृत युवक रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर खामडीह में पंचर बनाने का काम करता था। युवक का पुराना घर खामडीह में है, जबकि मृतक पूणार्डीह में नया मकान बना रहा था। सोमवार को दुकान बंद करने के बाद युवक निमार्णाधीन मकान पर रात करीब 11 बजे पहुंचा और बरामदे में खटिया लगा कर सो गया, जहां उसकी हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार घर पहुंचने से पूर्व उसकी पिता के साथ कहा-सुनी हो गई थी। पिता का किसी दूसरी महिला के साथ संबंध बताया जा रहा है। मृतक की मां रबिंदा देवी ने एफआईआर दर्ज करवाया है, जिसमें हत्या की आशंका अपने पति पर ही जाहिर की है। मृतक के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि लड़का बहुत अच्छा व मिलनसार था। अपनी मेहनत की बदौलत वह पक्का का घर बना रहा था, जिसमें सिर्फ प्लास्टर व खिड़की, दरवाजा बाकी है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि धारदार हथियार से मार कर हत्या की गई है। मृतक की मां ने एफआईआर दर्ज करवाया है। जिसमें हत्या की आशंका अपने पति सरेश साव पर जताई है। थानेदार ने बताया कि हर पहलू से इस हत्या की जांच की जा रही है।

### चुनाव शांति माहौल में हो : एसपी

**साहिबगंजः** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी अमित कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में जिला के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की।इसी दौरान एसपी ने उपस्थित सभी थाना प्रभारियों से विधानसभा चुनाव मे विधि व्यवस्था चर्चा करते हुए क्षेत्र के संवेदनशील अतिसंवेदनशील इलाकों की जानकारी प्राप्त कि।उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव शांति माहौल में हो इसके लिए सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखें खासकर सीमावर्ती इलाकों में साथ ही जांच अभियान चलाते रहें। जिससे की दूसरे राज्यों के अपराधी तत्व के लोग अपने क्षेत्र में ना आ सके और ना ही किसी भी प्रकार की अवैध तस्करी कर सकें।एसपी ने सभी थाना क्षेत्र के लंबित पड़े मामलों की समीक्षा कर जल्द से जल्द अनुसंधान कर संबंधित आरोपियों को छापेमारी कर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।उन्होंने क्षेत्र में शराब, जुआ, सट्टा, लॉटरी ,मादक पदार्थ शराब तस्करी सहित अवैध परिवहन जैसे अवैध कार्य ना हो इस पर विशेष ध्यान रखना को कहा। एसपी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान लॉ एंड ऑर्डर बनी रहे इसके लिए सभी थानाप्रभारियों कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।साथ ही अंतरराज्यीय पुलिस पदाधिकारी साथ समन्वय बनाकर बैठक करते हुए अपराधी गतिविधि पर निगरानी रखने व गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया गया।वहीं बैठक के दौरान मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ,बरहरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ के अलावा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार, जिरवाबाडी थाना प्रभारी पंकज वर्मा, बोरियो थाना प्रभारी पंकज कुमार, मिजाचौकी थाना प्रभारी सहित जिले के तमाम थाना प्रभारी मौजूद थे।

# विधानसमा चुनाव की अधिसूचना जारी, आचार संहिता लागू

मेट्रो रेज



**साहिबगंजः** विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 हेतु अधिसूचना के संदर्भ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा विकास भवन सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरन उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 की घोषणा के साथ दिनांक 15.10. 2024 को आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। यह आदर्श आचार संहिता विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि तक लागू रहेगी। किसी भी व्यक्ति संस्था राजनीतिक दल संगठन आदि के द्वारा यदि आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लघंन किया जाता है, तो मामले पर सुसंगत प्रावधानों के तहत त्वरित कार्रवाई की जायेगी।विधानसमा आम निर्वाचन 2024 पुरे झारखण्ड राज्य में 2 दो चरणों में होगी।साहिबगंज जिलान्तर्गत 01-राजमहल, 02-बोरियो अ०ज०जा० एवं 03-बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो में द्वितीय चरण में मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी।उपायुक्त ने बताया कि गजट अधिसूचना की तिथि-- 22.10. 2024 । नामांकन कि अंतिम तिथि 29.10.2024 संविक्षा की तिथि 30.10. 2024 नाम वापसी की तिथि1.11. 2024, मतदान की तिथि 20.11.2024, मतगणना की तिथि--23.11.2024

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 01-राजमहल, 02-बोरियो अ०ज०जा० व 03-बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1008 है जो 728 भवनों में स्थित है।विधानसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित विधानसभा वार निवार्ची पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गए ।01-राजमहल विधानसभा में श्री कपिल कुमार, निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल प्रतिनियुक्त किए गए हैं।2 बोरियो अ०ज०जा० विधानसभा में श्री अंगार नाथ स्वर्णकार, निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज प्रतिनियुक्त किए गए हैं। 3-बरहेट अ०ज०जा० विधानसभा में श्री गौतम भगत, निवार्ची पदाधिकारी-सह- अपर समाहर्ता, साहेबगंज प्रतिनियुक्त किए गए हैं। दिनांक 15.10.2024 को मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या जिला में दिनांक 15.10.2024 को मतदाता सूची में मतदाताओं की कुल संख्या 863469 हैं जिनमें पुरुषो की संख्या 431810 हैं महिलाओं की संख्या 431653 हैं अन्य 06 हैं। मतदाता सूची में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या जिला में दिनांक 15.10.2024 को मतदाता सूची में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 14638 हैं । मतदाता सूची में 85+ मतदाताओं की संख्या मतदाता सूची में 85+ मतदाताओं की संख्या कुल 4673 हैं। सीमा से सटे सभी चेक नाकों पर रहेगी नजर।उपायुक्त ने बताया कि 15 चेक नाकें हैं।जो अंतर राज्य जिला के समीप हैं जिसमें तिब्बती सीमा पुलिस आईटीबीपी सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स सीआरपीएफ की तैनाती की जाएगी। उपायुक्त ने आदर्श आचार संहिता के प्रभाव में आने से 24 घंटे, 48 घंटे, 72 घंटे, के अंदर किए जाने वाले कार्य। उपायुक्त ने बताया कि 24 घंटे के अंदर आदर्श आचार संहिता के प्रभाव में आने से सभी सरकारी संस्थानों पर किसी भी राजनीतिक पार्टी की तस्वीर, पोस्ट या उन एसेसरीज का हटा लेना सुनिश्चित करेंगे। वहीं 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थलों जैसे रास्तों पर लगे पोस्टर बैनर, राजनीतिक पार्टी के झंडे को हटा लेना सुनिश्चित करेंगे। 72 घंटे के अंदर के निजी भावनो, निजी कार्यालय, लगे पोस्टर बैनर, राजनीतिक पार्टी के झंडे को हटा लेना सुनिश्चित करेंगेविधानसभा आम चुनाव 2024 में सभी मतदान केन्द्र में ईभीएम और भीभीपीएटीएस के द्वारा चुनाव किया जायेगा। विधानसभा आम चुनाव 2024 हेतु रिसीविंग एवं मतगणना सेंटर राजकीय पॉलटेक्नीक कॉलेज, साहेबगंज में बनाया गया है।विधानसभा आम चुनाव 2024 में सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध करा दी गयी है। विधानसभा आम चुनाव 2024 में दिव्यांग मतदाताओं पीडब्लुडीके लिये आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध होगी।

# किसान दिवस का आयोजन




**साहिबगंज :** जिला कृषि पदाधिकारी -सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, साहिबगंज प्रमोद एक्का की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर महिला किसान दिवस का आयोजन आत्मा सभागार में किया गया क

, जिसमें मुख्य भूमिका में डा० माया कुमारी, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, साहेबगंज के द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर होने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित किया कजिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि अभियंता, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ के द्वारा विभाग में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया क साथ ही मीना जोसेफ किस्कू, प्रगतिशील मशरूम उत्पादक महिला किसान के द्वारा उपस्थित महिलाओं को मशरूम उत्पादन के बारे में जानकारी दी गयी क,सुश्री शिवांगी मिश्रा, बिरसा कृषक पाठशाला, राजमहल के द्वारा महिला किसानों को राजकुमारी देवी, मुजफ्फरपुर की महिला किसान जिसको ह्लचाची किसानह्व के नाम से बिहार में प्रचलित है उसकी कहानी महिलाओं के बीच साझा की, ताकि महिलाएं प्रेरित हो सके एवं खेती किसानी में आत्मनिर्भर बन सकें क महिला किसान दिवस के अवसर पर अन्य महिलाओं ने अपनी बातें साझा की क इस अवसर पर महिला कृषको के बीच नेपसेक स्प्रेयर 05 सरसों बीज 05 पैकेट एवं मदीना आजीविका सखी मंडल, बोरियो को आत्मा योजना अंतर्गत सीड मनी के रूप में 10,000/ रू० का चेक प्रदान किया गया कइस मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी श्री अमितेश रंजन, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री महादेव मुर्मू, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी श्री अरुण कुमार भोगता, जिला कृषि अभियंता श्री राम प्रकाश कुमार, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ श्री अभिजित शर्मा, उप परियोजना निदेशक श्री मन्टू कुमार, एवं सभी आत्मा कर्मी के साथ साथ सैकड़ों महिला कृषक उपस्थित हुई।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष की गाड़ी गया में दुर्घटनाग्रस्त, घायल, चालक की मौत

**पलामू :** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बह्मदेव प्रसाद उर्फ बी।डी। प्रसाद की गाड़ी बिहार के गया में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में कार चालक की मौत हो गयी। जबकि बह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया है। मृतक ड्राइवर की पहचान विजय शर्मा के रूप में हुई है। बह्मदेव प्रसाद के परिजन और समर्थक सरकार से इस हादसे की गहन जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



**बाराचट्टी थाना के पास ट्रक ने कार में मारी जोरदार टक्कर**

घटना के संबंध बताया जाता है कि ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा अपनी इनोवा कार से रांची से गया जा रहे थे। गया के बाराचट्टी थाना के पास उनकी कार को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। इस हादसे में गाड़ी के ड्राइवर विजय शर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये। इस हादसे की खबर पूरे क्षेत्र के लोग चिंतित हैं। स्थानीय लोग और उनके समर्थक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। बता दें कि ब्रह्मदेव प्रसाद ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष हैं। वहीं कहा जा रहा है कि वो विश्रामपुर विधानसभा से चुनाव लड़ सकते हैं।

### सीढ़ी घाट,गंगा तट पर मां गंगा की आरती कल

**साहिबगंज :** गुरुवार को संध्या साढ़े पांच बजे ₹मां गंगा सेवा समिति,साहिबगंज, झारखण्ड₹ की ओर से आश्विन मास,शुक्ल पक्ष,पूर्णिमा तिथि शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर स्थानीय मुक्तेश्वर धाम,सीढ़ी घाट,गंगा तट पर मां गंगा की आरती की जाएगी।जिसकी जानकारी समिति के प्रमोद पांडेय ने दी।

### मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

**साहिबगंजः**मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज निवासी राजकुमार यादव को मुफस्सिल पुलिस ने । मामले में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि राज कुमार के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज था। और यह फरार चल रहा था ।गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया गया है पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

# गिरिडीह की छह विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में मतदान, 20 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया होगी शुरू

**गिरिडीहः** जिले की सभी छह विधानसभा क्रमशः धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह और डुमरी सीट पर एक ही दिन 20 नवंबर 2024 को मतदान होगा। यहां छह विधानसभा के 20 लाख, 54 हजार, 303 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**22 अक्तूबर से शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया**

**22** अक्तूबर से नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। 29 अक्तूबर को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है, जबकि 30 अक्तूबर को स्क्रूटनी होगी। वहीं नामांकन पत्र वापस लेने की तिथि 01 नवंब निर्धारित की गई है। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने दी है। डीसी ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली है।

**बगोदर में सबसे अधिक मतदाता :** गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि इस




बार के चुनाव को लेकर मतदाता सूची बन चुकी है। धनवार विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 370226 है। धनवार में 190639 पुरुष, 179586 महिला और एक थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इसी तरह बगोदर में कुल मतदाता 386603 हैं। इनमें पुरुष मतदाता की संख्या 197227, महिला मतदाता 189375 और थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या एक है। वहीं जमुआ में कुल मतदाता की संख्या 358488 है। इनमें पुरुष मतदाता 185302, महिला मतदाता 173184 और थर्ड जेंडर मतदाता दो हैं। वहीं गांडेय विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 319358 है। इनमें पुरुष 164719, महिला 154637 और दो थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं गिरिडीह में 304170 मतदाता हैं। इनमें पुरुष की संख्या 153523, महिला 150646 और थर्ड जेंडर मतदाता एक है। वहीं डुमरी में कुल मतदाता 315458 है। इनमें पुरुष मतदाता की संख्या 160930, महिला 154525 और थर्ड जेंडर मतदाता तीन हैं।

**मतदान के लिए बनाए गए कुल 2393 बूथ**

**डीसी ने** बताया कि छह विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए कुल 2393 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें धनवार में बूथों की संख्या 424, बगोदर में 454, जमुआ में 400, गांडेय में 375, गिरिडीह में 367 तो डुमरी में 373 बूथ बनाए गए हैं।

**निवार्ची और सहायक निवार्ची नियुक्त : डीसी** ने बताया कि धनवार विधानसभा सीट के निवार्ची पदाधिकारी खोरी महुआ के अनुमंडल पदाधिकारी रहेंगे और सहायक निवार्ची पदाधिकारी गावां, तिसरी और धनवार के सीओ रहेंगे। इसी तरह बगोदर के निवार्ची पदाधिकारी बगोदर-सरिया के अनुमंडल पदाधिकारी रहेंगे और सहायक निवार्ची पदाधिकारी के तौर पर बिरनी, सरिया और बगोदर के सीओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है।


वहीं जमुआ विधानसभा सीट के निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता गिरिडीह रहेंगे और सहायक निवार्ची पदाधिकारी जमुआ के सीओ -बीडीओ तथा देवरी के सीओ रहेंगे। वहीं गांडेय विधानसभा सीट के निवार्ची पदाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी रहेंगे और सहायक निवार्ची पदाधिकारी गांडेय एवं बेंगाबाद के सीओ के साथ-साथ गांडेय के बीडीओ रहेंगे।

वहीं गिरिडीह विधानसभा सीट के निवार्ची पदाधिकारी गिरिडीह के अनुमंडल पदाधिकारी रहेंगे और सहायक निवार्ची पदाधिकारी गिरिडीह-पीरटांड के सीओ तथा गिरिडीह के बीडीओ रहेंगे। वहीं डुमरी विधानसभा सीट के निवार्ची पदाधिकारी डुमरी के अनुमंडल पदाधिकारी रहेंगे, जबकि सहायक निवार्ची पदाधिकारी डुमरी और नावाडीह के अंचलाधिकारी के संग डुमरी के बीडीओ रहेंगे।

**बॉर्डर में बढ़ाई गई चौकसीः एसपी**

**वहीं** गिरिडीह के एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के सभी बार्डर इलाके में चौकसी बढ़ा दी गई है। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर अन्य कदम भी उठाए गए हैं। शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में मतदान कराने की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

सभी जिलों के उपायुक्तों ने की प्रेस वार्ता : **धनबाद** में दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान किया जाएगा। हजारीबाग में पड़ने वाले चार विधानसभा बरकट्ठा, बरही, मांडू और हजारीबाग में दो चरणों में मतदान संपन्न होगा। बरकट्ठा, बरही और सदर हजारीबाग में 13 नवंबर और मांडू में 20 नवंबर को मतदान होना है। 20 नवंबर को दुमका में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। संथाल प्रमंडल के पाकुड़ में दूसरे तरण 20 नवंबर को मतदान कराए जाएंगे। कोडरमा विधानसभा के लिए पहले चरण में 13 नवंबर को होने वाले मतदान की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन की ओर से डीसी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। पलामू की पांच विधानसभा क्षेत्र पांकी, डालटनगंज, बिश्रामपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद सभी सीटों के लिए पहले चरण 13 नवंबर को ही मतदान कराए जाएंगे। दिल्ली में चुनाव आयोग द्वारा घोषणा करने के बाद रांची में निर्वाचन पदाधिकारी की प्रेस वार्ता के बाद सभी जिलों के उपायुक्तों में प्रेस वार्ता कर चुनावी तैयारियों की जानकारी मीडियाकर्मियों के साथ साझा। इस दौरान जिला एसपी के द्वारा भी सुरक्षा की तैयारियों की जानकारी भी दी गयी।



# 'भूल भुलैया-3' में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

**कार्तिक आर्यन की भूल भूलैया-3' को लेकर उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होने के बाद से कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित 'भूल भुलैया-3' में क्या जादू करेंगी इस पर सबकी नजरें हैं। चूंकि मंजुलिका 'भूल भुलैया-3' में वापस आ रही हैं, इसमें कोई शक नहीं कि दर्शकों को एक हॉट स्टोरी लाइन देखने को मिलेगी। इसी तरह 'भूल भुलैया-3' में पिछले एपिसोड का एक किरदार दोबारा एंट्री करता नजर आएगा।**

### 'भूल भुलैया-3' में नजर आएगा ये पुराना किरदार

कार्तिक आर्यन ने मीडिया से बातचीत के दौरान अनजाने में एक नाम ले लिया। कार्तिक ने कहा, 'भूल भुलैया-3 के दो क्लाइमैक्स थे, जिसमें से हमें सिर्फ एक क्लाइमैक्स की स्क्रिप्ट दी गई थी। स्क्रिप्ट के आखिरी 15 पन्ने गायब थे। सिर्फ हम ही नहीं, बल्कि फिल्म के असिस्टेंट डायरेक्टर, प्रोडक्शन डिपार्टमेंट सभी हम उसी स्क्रिप्ट पर गए थे और हम कियारा के साथ शूटिंग कर रहे थे' ये कहते हुए कार्तिक सोच में पड़ गए और उन्होंने तुरंत कियारा का नाम बदल दिया विद्या बालन का नाम लिया। हालांकि बाद में कार्तिक को 'भूल भुलैया-3' में अपनी स्पीच वापस मिल गई कियारा अडवाणी को भूल भुलैया 3 देखने की संभावना है। कियारा ने कार्तिक के साथ 'भूल भुलैया-2' में काम किया था।

### 'भूल भूलैया-3' की रिलीज डेट

'भूल भुलैया-3' दिवाली के मौके पर 1 नवंबर को हर जगह रिलीज होगी। यह फिल्म रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' से क्लैश होगी, जो 2007 में आई भूल भुलैया की यह तीसरा पार्ट है। पहले पार्ट में अक्षय कुमार ने सबका दिल जीत लिया था। तो दूसरे भाग में कार्तिक आर्यन भी अधिकतम किया। अब तीसरे भाग में विद्या बालन द्वारा अगर माधुरी ने वापसी की है तो वह पहली बार हॉरर रोल में नजर आएंगी। अब कियारा अडवाणी तीसरे पार्ट में ये देखने को मिलेगा या नहीं ये तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा।

# भरे कॉन्सर्ट से भागे प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनास, खतरे में है सिंगर की जान?






**बॉलीवुड** की देसी गर्ल कही जाने वाली प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनास इस समय एक अलग वजह से चर्चा में हैं। उनके कॉन्सर्ट का एक वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। निक हॉलीवुड में एक लोकप्रिय गायक के रूप में जाने जाते हैं। हाल ही में एक कॉन्सर्ट में उन्हें परफॉर्मेंस छोड़कर स्टेज से भागना पड़ा। कई वीडियो सामने आ रहे हैं।

### कॉन्सर्ट में निक जोनास का वीडियो वायरल

निक जोनस इस समय अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट वर्ल्ड टूर कर रहे हैं। हाल ही में जोनास ब्रदर्स का एक शो आयोजित किया गया था। इसी दौरान एक चौंकाने वाली घटना घटी। निक को तुरंत एहसास हुआ कि लाइव परफॉर्मेंस के दौरान किसी ने उन्हें लेजर लाइट से निशाना बनाया है और वह तुरंत कॉन्सर्ट से भाग गए। निक जोनास ने अपने साथ मौजूद सुरक्षा गार्डों को सचेत किया और मंच से उतरकर बाहर की ओर भागे। ये वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इतना ही नहीं, वायरल वीडियो में यह भी साफ दिख रहा है कि कैसे निक को लेजर लाइट से निशाना बनाया गया।

निक जोनास को इस तरह कॉन्सर्ट छोड़कर जाने के बाद उनके फैंस ने सिंगर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। अब फैंस के साथ-साथ नेटिजन्स भी निक जोनास की सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं। इस घटना के बाद जोनास ब्रदर्स को अपना शो तुरंत बंद करना पड़ा। इसके बाद जब सुरक्षा गार्डों ने तलाशी ली तो पता चला कि दर्शकों में से एक शख्स ने निक के सिर पर लेजर लाइट मारी थी। उस व्यक्ति को कॉन्सर्ट से बाहर ले जाया गया और थोड़ी देर बाद कॉन्सर्ट फिर से शुरू हुआ।




# गॉड ऑफ मासेस नंदमुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म अखंडा-2 का ऐलान

गॉड ऑफ मासेस नंदमुरी बालकृष्ण और ब्लॉकबस्टर मेकर बोयापति श्रीनु अखंडा का सीक्वल बनाने के लिए चौथी बार साथ आ रहे हैं। उनकी पिछली फिल्म अखंडा ने विशेष रूप से कई बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए और हिंदी डब संस्करण को उत्तरी दर्शकों ने खूब पसंद किया है। अखंडा के इस सीक्वल का नाम अखंडा-2 है। यह बालकृष्ण और बोयापति श्रीनु की पहली अखिल भारतीय फिल्म है। इसके शीर्षक पोस्टर को बखूबी डिजाइन करके आध्यात्मिक तत्वों को शामिल किया गया है। शीर्षक के उल्लेखनीय फॉन्ट में एक क्रिस्टल लिंगम और एक शिव लिंग है, जो दिव्य महत्व का प्रतीक है। शीर्षक के साथ एक शक्तिशाली कैप्शन है- थांडवम, जिसके दोनों ओर दो डमरुकम हैं, जो भगवान शिव के उन्मत्त नृत्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह अत्यधिक उल्लेखनीय शीर्षक पोस्टर है, जो सीक्वल की अविस्मरणीय, रोंगटे खड़े करने वाले क्षणों से भरी एक विस्तृत कथा पेश करेगा। निर्देशक ने एनबीके को बहुत प्रभावशाली भूमिका में दिखाने के लिए सार्वभौमिक अपील के साथ एक शक्तिशाली पटकथा लिखी। अखंडा-2 एक महत्वाकांक्षी परियोजना होगी, जिसे पर्याप्त बजट के साथ भव्य पैमाने पर बनाया जाएगा। यह भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें हर फिल्म देखने वाले को इस सनसनीखेज संयोजन की वापसी का बेसब्री से इंतजार है। अखंड-2 की नियमित शूटिंग जल्द ही शुरू होगी।

# युगांडा ने दक्षिण सूडान को हराकर अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस 2025 के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी

**जुबा।** युगांडा ने मंगलवार को एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण सूडान को 2-1 से हराकर मोरक्को में होने वाले 2025 अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

युगांडा ने 11 अक्टूबर को कंपाला में हुए उलट मुकाबले में दक्षिण सूडान को 1-0 से हराया था।

दक्षिण सूडान के मुख्य कोच निकोलस डुपुइस ने कहा कि युगांडा व्यक्तिगत मुकाबलों में बेहतर टीम थी, उन्होंने कहा कि मैच का फैसला करने में यह



महत्वपूर्ण था। दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में एक ब्रीफिंग में डुपुइस ने कहा, 'हमारे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि युगांडा हमसे बेहतर था, इसलिए मुझे लगता है कि परिणाम सामान्य है। व्यक्तिगत रूप से वे बेहतर थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की। यह पर्याप्त नहीं है लेकिन हमने एक अच्छी टीम के खिलाफ खेला।'

डुपुइस ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान अब 25 अक्टूबर को टोटल एनर्जीज अफ्रीकन नेशंस चैंपियनशिप में केन्या के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबले पर केंद्रित है।

युगांडा के मुख्य कोच पॉल जोसेफ पुट ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि उनकी टीम ने मैच की शुरूआत से लेकर अंत तक दबदबा बनाए रखा।

पुट ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने हर अच्छी टीम को देखा है, उन्होंने पहले पल से लेकर अंत तक पहल की, मुझे लगता है कि दक्षिण सूडान अपने खिलाड़ियों की लंबाई के कारण कॉर्नर किक्स में थोड़ा खतरनाक था, लेकिन हमने खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा।'

उन्होंने कहा कि मैच के पूरे 90 मिनट में बनाए गए कई अवसरों के कारण उनकी टीम अधिक गोल कर सकती थी। युगांडा ग्रुप के में शीर्ष पर है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, कांगो गणराज्य और दक्षिण सूडान शामिल हैं।

## हॉकी इंडिया लीग 2024-25 : महिला वर्ग में खिलाड़ियों की नीलामी के बाद सभी आठ टीमों की यह है पूरी सूची



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की पहली महिला नीलामी मंगलवार को नई दिल्ली में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न देशों की जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों के लिए फ्रेंचाइजी के बीच कड़ी बोली जंग देखने को मिली।

2024-25 सीजन में महिला लीग में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब (हरियाणा) होंगी।

नीलामी के बाद प्रथम महिला हॉकी इंडिया लीग में हिस्सा ले रही सभी चार टीमों की पूरी टीम की सूची इस प्रकार हैः

### दिल्ली एसजी पाइपर्स

डिफेंडर : एम्मा पुवरेज (बेल्जियम), ज्योति सिंह, स्टेफनी डी ग्रूफ (बेल्जियम), गिजेल ऐनी एंस्ले (ग्रेट ब्रिटेन), मिरी मैरोनी (ऑस्ट्रेलिया), एलिजाबेथ एन नील (ग्रेट ब्रिटेन)। मिडफील्डर : मनीषा चौहान, जान गेर्डिएन डी वार्ड (नीदरलैंड), खैदेम शिलेमा चानू, मनीषा मनश्री। फॉरवर्ड : सुनलिता टोप्पो, संगीता कुमारी, नवनीत कौर, दीपिका, मुमताज खान, इशिका, गीता यादव, चार्लोट वॉटसन (ग्रेट ब्रिटेन), प्रीति दुबे , हिमांशी शरद गावंडे। गोलकीपर : बिचू देवी खारीबाम, एलोडी पिकार्ड (बेल्जियम), बंसारी सोलंकी।

### ओडिशा वॉरियर्स

डिफेंडर : इशिका चौधरी, क्लेयर कोलविल (ऑस्ट्रेलिया), ज्योति छत्री, अंजलि बरवा, लिली पॉलिन स्टॉफेल्स्मा (जर्मनी)। मिडफील्डर : नेहा गोयल, यिब्बी जानसन (नीदरलैंड), कैटलिन जे नोब्स (ऑस्ट्रेलिया), बलजीत कौर, सोनिका, विक्टोरिया सॉज (अर्जेंटीना), निशा, नंदनी। फॉरवर्ड : फ्रीके जॉर्जेट मैरी (नीदरलैंड), अन्नू , रितुजा दादासो पिसल, साक्षी राणा, कनिका सिवाच, मिशेल फिलेट (नीदरलैंड), साधना। गोलकीपर : जॉक्लिन बार्ट्राम (ऑस्ट्रेलिया), माधुरी किंडो, एंगिल हर्ष रानी मिंज।

### श्राची रारह बंगाल टाइगर्स

डिफेंडर : उदिता, अप्टन रोइसिन (आयरलैंड), एलेना नील ( आयरलैंड), मरीना लालरामनघाकी, महिमा चौधरी। मिडफील्डर : ईवा रोमा मारिया डी गोएडे (नीदरलैंड), सारा हॉकशॉ (आयरलैंड), ज्योति एडुला, मुनमुनी दास, बिनीमा धान, हुडा खान, सुशीला चानू पुखरंबम, शिल्पी डबास। फॉरवर्ड : वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, ब्यूटी डंग डंग, अंब्रे बैलेनघियेन (बेल्जियम), कैथरीन मुलान (आयरलैंड), लालरिनपुई पचुआव, प्रियंका वानखेड़े, वंदना पटेल। गोलकीपर : ग्रेस ओ हैनलॉन (न्यूजीलैंड), जेनिफर रिजो (यूएसए) ), विद्याश्री वी।

### सूरमा हॉकी क्लब

डिफेंडर : निक्की प्रधान, ज्योति, अक्षता अबासो ढेकाले, प्रीति, पेनी स्क्विब (ऑस्ट्रेलिया), अन्ना टोमन (ग्रेट ब्रिटेन)। मिडफील्डर : सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नाइके लोरेंज, मारिया वर्सचूर, हिना बानो, जिमेना मारिया सेड्रास (अर्जेंटीना), ऐश्वर्या राजेश चव्हाण, अजमीना कुजूर। फॉरवर्ड : शर्मिला देवी, चार्लोट एंगलबर्ट (बेल्जियम), चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट (जर्मनी), दीपिका सोरेंग, सोनम, उपासना सिंह, अमनप्रीत कौर। गोलकीपर : सविता पुनिया, निधि, नतालिया साल्वाडोर (चिली)।

## द हंड्रेड : मैनचेस्टर ओरिजिनल्स पुरुष टीम के प्रभारी बने रहेंगे साइमन कैटिच

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर ओरिजिनल्स ने साइमन कैटिच को एक साल का अनुबंध विस्तार दिया है, जबकि इस सत्र में उनकी पुरुष टीम ने केवल एक जीत हासिल की थी, हालांकि क्लब ने स्टीफन पैरी को महिला टीम के कोच पद से हटा दिया है। पैरी ने दो साल तक महिला टीम की कमान संभाली थी। दोनों कोचों के भविष्य पर निर्णय ओरिजिनल्स बोर्ड द्वारा लिए गए, जिसे 2025 से लंकाशायर के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को दशार्ने के लिए पुनर्गठित किया गया है। काउंटी अगले सत्र में ओरिजिनल्स में बहुसंख्यक शेयरधारक बन जाएगी, जब उन्हें ईसीबी द्वारा 51% हिस्सेदारी सौंपी जाएगी, जबकि शेष 49% एक निजी निवेशक को बेची जाएगी। लंकाशायर के क्रिकेट निदेशक मार्क चिल्टन को पैरी के उत्तराधिकारी के रूप में महिला टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति प्रक्रिया का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई है। लंकाशायर बोर्ड में शामिल जेम्स शेरिडन ने ब्रॉडकास्टर मार्क चैपमैन से ओरिजिनल्स के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है, हालांकि चैपमैन बोर्ड में बने रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज कैटिच ने 2021 में हंड्रेड के उद्घाटन सत्र से ओरिजिनल्स के पुरुषों को कोचिंग दी है, और कहा कि 2025 में वापसी के लिए सहमत होने के बाद उनकाा 'अधूरा काम' रह गया है। कैटिच ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा, 'पिछले तीन वर्षों में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स का नेतृत्व करते हुए मुझे बहुत मजा आया और मैं अगले साल का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ।' ओरिजिनल्स पुरुषों के हंड्रेड के 2022 और 2023 सीजन में उपविजेता रहे, ट्रेंट रॉकेट्स और ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ कड़े फाइनल में हार गए। लेकिन वे इस साल चोटिल जोस बटलर की अनुपस्थिति से उबरने में विफल रहे, फिल साल्ट की कप्तानी में अपने आठ मैचों में से केवल एक में जीत हासिल करने के बाद सातवें स्थान पर रहे।

# लौरा डेलानी की जगह गैबी लुईस बनीं आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान

एजेंसी

**डबलिन।** गैबी लुईस को आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जो अब तक की सबसे अनुभवी खिलाड़ी लॉरा डेलानी की जगह लेंगी। डेलानी ने सभी प्रारूपों में आयरलैंड का 207 बार प्रतिनिधित्व किया है, और पिछले आठ वर्षों से वह उनकी कप्तानी भी कर रही हैं। वे महिला टी20 विश्व कप में जगह बनाने में असमर्थ रहीं, लेकिन हाल ही में उन्हें सफलता मिली है, अगस्त में श्रीलंका के साथ द्विपक्षीय मुकाबले में 1-1 से बराबरी की, जब लुईस ने शतक बनाया और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गईं। इसके बाद उनकी टीम ने वनडे में श्रीलंका



को 2-1 से हराया। लुईस, जो वर्तमान में मेलबर्न में क्लब क्रिकेट खेल रही हैं, ने कहा, मुझे पता है कि जब मैं पहली बार सीनियर टीम में आई थी, तो डेल्स उन टीम-साथियों में से एक थीं जिनसे आप प्रेरणा लेते थे। शौकिया से पेशेवर युग में जाने के बाद, उन्होंने लगातार अपने खेल को विकसित करने और सुधारने की कोशिश की है, और मैं डेल्स के साथ कई और मौकों पर खेलने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम अपनी टीम के विकास के अगले चरण में आगे बढ़ रहे हैं। लुईस ने आयरलैंड के लिए अपना डेब्यू तब किया था जब वह सिर्फ 13 साल की थीं। वह 28.95 की औसत से 3,742 रन बनाकर उनकी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं, जिसमें दो शतक और 21 अर्धशतक शामिल हैं। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 12 बार अपने देश की कप्तानी भी की है और अब नवंबर और जनवरी में होने वाले बांग्लादेश और भारत के दौरे से पहले पूर्णकालिक कप्तानी संभालेंगी। लुईस ने कहा, मुझे आयरलैंड की महिला टीम की स्थायी कप्तान बनने के लिए कहा जाना बहुत अच्छा लगा। मुझे गर्मियों के दौरान इस भूमिका में अभिनय करने में बहुत मजा आया और मैं सिस्टम के जरिए आने वाली युवा प्रतिभाओं को लेकर वास्तव में उत्साहित हूँ। हालाँकि हम एक युवा टीम हैं, लेकिन हाल के वर्षों के परिणामों ने दिखाया है कि हम सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

# न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल नियम ने वैज्ञानिक और नैतिक अनुसंधान को दिया बढ़ावा: अनुप्रिया पटेल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को कहा कि भारत ने एक उचित नियामक प्रक्रिया के माध्यम से महामारी के दौरान उपयोग के लिए 8 टीकों को लाइसेंस दिया। यह सभी टीके दुनिया में उपलब्ध अन्य टीकों की तुलना में बहुत कम कीमत पर उपलब्ध थे। नई दिल्ली में आयोजित औषधि नियामक प्राधिकरण के 19वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल नियम 2019 और मेडिकल डिवाइस नियम 2017 के रूप में क्लिनिकल परीक्षण के क्षेत्रों में प्रकाशित नए नियमों ने वैश्विक अपेक्षा और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप वैज्ञानिक एवं नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि चिकित्सा उपकरण नियमों में जोखिम आधारित वर्गीकरण, पंजीकरण के माध्यम से सभी उपकरणों को विनियमन के तहत लाना और नियामक मार्ग तैयार करना शामिल है। हम चिकित्सा उपकरणों और निदान के क्षेत्र में नियामक आवश्यकताओं को सुसंगत बनाने के लिए आईएमडीआरएफ, आईएसओ, डब्ल्यूएचओ और एसईएआरएन जैसे क्षेत्रीय नेटवर्क जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ विश्व स्तर पर सहयोग कर रहे हैं। आईएमआरडीएफ की संबद्ध सदस्यता प्राप्त करना और फामाकोपियल डिस्कशन ग्रुप द्वारा भारतीय फामाकोपिया को मान्यता देना नियामक मानकों के सामंजस्य और मान्यता को चिह्नित करने वाले मील के पत्थर हैं। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने कहा कि आयोग गुणवत्तापूर्ण दवाएं जीवन की गुणवत्ता, मानव उत्पादकता के साथ-साथ जीवन जीने के तरीके में भी सुधार करती है। इस वर्ष का आईसीडीआरए दुनियाभर में नियामक वातावरण को मजबूत करने को प्रतिबद्ध है।



उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में 14 से 18 अक्टूबर तक देश में पहली बार आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में नियामक प्राधिकरणों को एक साथ लाया गया है। इसमें 200 से अधिक देशों के नीति निमार्ता और स्वास्थ्य अधिकारी भाग ले रहे हैं।

हरियाणा में आज शुरू होगी नई सरकार के गठन की प्रक्रिया

## भाजपा चुनेगी विधायक दल का नेता, शपथ ग्रहण समारोह कल



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में आज से नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार सरकार बना रही है। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की मौजूदगी में कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भाजपा विधायक दल का नेता चुनने की औपचारिकता पूरी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में 17 अक्टूबर को नायब सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सैनी ने नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का कल जायजा भी लिया। अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आज होने वाली बैठक के बाद राज्यपाल को उन विधायकों की सूची सौंपी जाएगी, जो मंत्रिपरिषद का हिस्सा होंगे।

## इजराइल के राजदूत पहुंचे अयोध्या, रामलला के दर्शनकर हुए भावविभोर



एजेंसी

**अयोध्या :** भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आज यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलाल के दर्शन किए। उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय भी रहे। प्रभु श्रीराम के दर्शन कर भावविभोर हुए अजार ने कहा कि वह अयोध्या में भगवान राम के इस भव्य मंदिर के दर्शन कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह यहां पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की अपार संख्या को देखकर प्रभावित हैं। यह हिंदू आस्था के लिए इस स्थान के महत्व का प्रमाण है। रूवेन अजार ने कहा भारत की तरह इजराइल की भी अपनी प्राचीन धार्मिक विरासत है। सचमुच भक्ति से ताकत मिलती है। वह प्रभु राम के प्रति तीर्थयात्रियों की भक्ति देखकर प्रभावित हैं। श्रीराम जन्मभूमि पहुंचने पर रूवेन अजार का ट्रस्ट ने स्वागत कर स्मृति चिह्न और प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र भी उपस्थित रहे। उन्हें मंदिर के निर्माण में लगाए जा रहे पत्थरों को भी दिखाया गया।

# नायब सैनी बने हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता

- कृष्ण बेदी व अनिल विज ने रखा नाम का प्रस्ताव
- गृहमंत्री अमित शाह ने किया नेता चुने जाने का ऐलान



**चंडीगढ़ :** हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय में विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया। उल्लेखनीय है कि पंचकूला में ही अमित शाह ने विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए नायब सैनी को हरियाणा में भाजपा का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया था। नायब सैनी इस बार अपना पुराना हलका नारायणगढ़ छोड़कर लाडवा से चुनाव लड़े और उन्होंने कांग्रेस के मेवा सिंह को 16,054 मतों से हराया था।

विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए आज केंद्रीय पर्यवेक्षक गृहमंत्री अमित शाह तथा मोहन यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में नरवाना से विधायक कृष्ण बेदी तथा अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज ने नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी विधायकों ने स्वीकार करते हुए पारित कर दिया। अमित शाह ने नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुने जाने का औपचारिक ऐलान किया। करीब 15 मिनट की बैठक में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुनने के संबंध में फैसला लिया गया। इससे पहले वर्ष 2019 में वरिष्ठ नेता अनिल विज और कंवर पाल तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रस्तावक बने थे। तत्कालीन केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में आये थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल, बिप्लब कुमार देब, सतीश पूनिया, भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित तमाम बड़े नेता मौजूद थे।

## महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड आम आदमी के लिए काम करती रहेगी सरकार : शिंदे

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सरकार ने बुधवार को रिपोर्ट कार्ड जारी करके सरकार के विकास कार्यों का विवरण दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार पिछले सवा दो साल से आम आदमी के लिए काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। पिछली सरकार ने राज्य में विकास कार्य रोक दिए थे लेकिन जब वे मुख्यमंत्री बने तो राज्य में रुके विकास कार्य शुरू हुए। शिंदे ने कहा कि पिछली सरकार की वजह से मेट्रो का काम अटका हुआ था, जिससे इसका लागत खर्च 17 हजार करोड़ रुपये बढ़ गया। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार के काम को देखते हुए राज्य की जनता फिर से एनडीए गठबंधन को ही चुनकर लाएगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम 2022 से 2024 तक का अपना रिपोर्ट कार्ड दे रहे हैं। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि महायुति ने खजाना खाली कर दिया। पिछले बजट में कुछ प्रावधान किए गए थे और उनका उपहास किया गया था। लाडली बहन योजना के बारे में भी भ्रम फैलाया जा रहा है। जबकि यही लोग कह रहे हैं कि हम चुनकर आए तो बहनों को दी जाने वाली धनराशि बढ़ा देंगे। विपक्ष राज्य में कानून व्यवस्था की बात करता है, जबकि उनके गृहमंत्री खुद जेल जा चुके हैं।




उन्होंने कहा कि यह कितना हास्यास्पद है जिनके गृह मंत्री जेल गए, वे हमें कानून-व्यवस्था का पाठ पढ़ा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े बिजनेसमैन के घर के बाहर बम रखने की कोशिश की गई। हम महिलाओं की मदद करेंगे और उन्हें सुरक्षित रखेंगे। विपक्ष अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहा है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि उन्होंने जनहित की योजनाओं को गति दी है। अजीत पवार ने कहा कि एनडीए गठबंधन ने साथ मिलकर पिछले सवा दो साल आम जनता के लिए काम किया है। इसलिए आम जनता विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को ही फिर से सत्ता में लाएगी।

### कुशीनगर : मार्निंग वाक पर निकले तीन युवकों को कार ने रौंदा, मौत

**कुशीनगर :** जनपद के समीप फोरलेन स्थित पकवाइनार में बुधवार सुबह मार्निंग वाक पर निकले तीन युवकों को एक अनियंत्रित स्कार्पियो वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक ने इलाज के दौरान गोरखपुर मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। कसया के पकवाइनार डुमरी निवासी अमन कुमार (19), साहिल (19) और पिपरी निवासी अंशू गुप्ता (18) तीनों मित्र रोजाना की तरह बुधवार की सुबह फोरलेन के दक्षिणी सर्विस लेन में टहल रहे थे। यश होटल के समीप पहुंचे थे कि कसया की ओर से आई स्कार्पियो उन्हें रौंदते हुए आगे निकल गई। हिरनापुर गांव के पास चालक वाहन सड़क किनारे खड़ा करके फरार हो गया। इस दुर्घटना में अमन व अंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल साहिल पटेल ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। दुर्घटना के शिकार युवकों के परिवार में कोहराम मच गया। तीनों कक्षा नवीं के छात्र थे। मृतक साहिल अपने माता पिता का अकेला पुत्र था। वहीं अंशु के पिता मुन्नवर गुप्ता की भी दो वर्ष पूर्व इसी तरह सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी।

## हिन्दुओं की धैर्य की परीक्षा न लें, धैर्य टूटा तो बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी : विहिप




एजेंसी

**मुरादाबाद :** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य डा.राजकमल गुप्ता ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदुओं के त्योहारों पर शोभायात्राओं पर एक विशेष समाज द्वारा बार-बार की पत्थरबाजी की घटनाएं एक सुनियोजित षडयंत्र हैं। हिन्दुओं के धैर्य की परीक्षा ना लें, यदि हिन्दू समाज का धैर्य टूटा तो बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। डा. राजकमल गुप्ता ने आगे कहा कि बहराइच में दुर्गा पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा में युवक गोपाल मिश्रा की गोली मारकर नृशंस हत्या की दी गई। उन्होंने विशेष समुदाय पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर देशभर में हिंदू समाज भी इस तरह से जवाब देने लग गया तो परिणाम क्या होगा? साथ ही हत्या को सही बताने और हत्यारों को बचाने की कोशिश कर रहे विशेष समाज से जोर देकर कहा कि यह उनके लिए आत्ममंथन का वक्त है। डा. गुप्ता ने कहा कि बहराइच में जिस प्रकार से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा पर हमला किया गया। एक व्यक्ति को पकड़कर एक विशेष धार्मिक स्थल में खींचा गया और यातना देकर मारा गया। पैर की ऊंगली के नाखून उखाड़े गए। उसे गोलियां मारी गईं। वह हिंदू समाज के लिए बड़ी चुनौती की तरह है।

# योगी सरकार की पहल से महाकुंभ में हर तीर्थयात्री होंगे सुरक्षित

एजेंसी

**लखनऊ :** भारतीय सिनेमा में कुंभ मेला का जिक्र होते ही हमारे दिमाग में सबसे पहले वही क्लासिक कहानियां आती हैं, जहां भाई-भाई, मां-बेटा या प्रेमी-प्रेमिका भीड़ में एक-दूसरे से बिछड़ जाते थे। यह बिछड़ने का दृश्य बॉलीवुड की कई पुरानी फिल्मों में बड़े भावनात्मक मोड़ के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। योगी सरकार ह्यफिल्मी महाकुंभह्न में लोगों के खोने और फिर सालों बाद मिलने की इस धारणा को तोड़ने की पूरी तैयारी कर ली है। अब कुंभ मेले में हर व्यक्ति का ध्यान रखा जाएगा, कोई भी अब अपनों से नहीं बिछड़ेगा और ऐसा हुआ भी तो वह जल्द से जल्द अपने परिवार से मिल सकेगा।प्रयागराज मेला प्राधिकरण और पुलिस विभाग ने मिलकर इस बार के महाकुंभ मेले में एक उच्च तकनीक से युक्त खोया-पाया पंजीकरण प्रणाली से तीर्थयात्रियों को सुरक्षित करेगा। यह नई पहल सुरक्षा, जिम्मेदारी और तकनीक का अद्भुत संगम है, जो महाकुंभ मेला को सुरक्षित और सुखद अनुभव बना देगी। योगी सरकार की पहल अब उस ह्यफिल्मी ड्रामेह्न को हकीकत से दूर ले जाकर सुरक्षा और पुनर्मिलन की नई कहानी लिखने को तैयार है। कुंभ मेले में आने वाले करोड़ों तीर्थयात्रियों को अब भीड़ में खोने का डर नहीं रहेगा, क्योंकि सरकार की यह नई प्रणाली खोए हुए तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और शीघ्र उनके परिजनों से मिलाने का भरोसा देगी।




**अब नहीं होंगे कुंभ के मेले में बिछड़ने वाले दृश्य**

भारतीय सिनेमा में कुंभ मेले की भीड़ से अलग हुए लोगों की कहानियां एक स्थायी कथानक रही हैं। फिल्मों में गंभीर संवाद हो या हास्य, कहीं न कहीं कुंभ मेले में बिछड़ने वाले डायलॉग सुनने को मिल ही जाते हैं। चाहे वो 1943 में आई फिल्म ह्यतकदीरह्न हो या 70 के दशक में आई फिल्म ह्यमेलाह्न। इनमें भाइयों का मेले में बिछड़ने की कहानी सिनेमा के पर्दे पर वर्षों तक दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी। इन कहानियों का मुख्य आधार यही था कि भीड़ में खो जाने के बाद, अपने प्रियजनों को खोज पाना लगभग असंभव होता था। लेकिन अब इस हाई-टेक खोया-पाया केंद्र की बदौलत, महाकुंभ मेले में ऐसा ह्यफिल्मीह्न बिछड़ने वाला दृश्य शायद ही देखने को मिले। इन केंद्रों में खोए हुए व्यक्तियों का डिजिटल पंजीकरण होगा, जिससे उनके परिवार या मित्र आसानी से उन्हें खोज सकेंगे। साथ ही सभी लापता व्यक्तियों के लिए केंद्रों पर उद्घोषणा की जायेगी। पहले जहां एक मेला कई परिवारों के लिए बिछड़ने और असहाय खोज की दुखभरी गाथा लेकर आता था, अब वही मेला उनके पुनर्मिलन की एक नई कहानी लिखने जा रहा है। तकनीक के साथ नई कहानी महाकुंभ 2025 में शामिल होने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सरकार ने ऐसे डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना करेगा जो खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए तकनीक का सहारा लेते हैं। इसमें हर खोए हुए व्यक्ति का पंजीकरण तुरंत किया जाएगा और उसकी जानकारी को अन्य केंद्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और एक्स (पहले ट्वीटर) पर भी प्रसारित किया जाएगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कनाडा के वायुसेना के विमान से एयर इंडिया के यात्री शिकागो रवाना

**नई दिल्ली :** कनाडा के इकालुएत एयरपोर्ट पर लैंड कराई गई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 127 के यात्रियों को आज गंतव्य स्थल शिकागो के लिए रवाना कर दिया गया। एयर इंडिया ने एक्स हैंडल पर जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। एयरलाइन ने लिखा है, "एयर इंडिया को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि फ्लाइट एआई 127 के यात्री, जिन्हें 15 अक्टूबर को कनाडा के इकालुएत एयरपोर्ट में उतार दिया गया था, अब गतंव्य शिकागो की उड़ान भर चुके हैं।" एयर इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार," यात्रियों को कनाडा की वायुसेना के विमान में भेजा जा रहा है जो इकालुएत से 3:54 बजे अपनी उड़ान भर चुका है और इसके 7:48 बजे (यूटीसी) के आसपास शिकागो पहुंचने की संभावना है। हम कनाडा प्रशासन और इकालुइट एयरपोर्ट के अधिकारियों के सहयोग और इस बाधा के दौरान यात्रियों और एयर इंडिया को दी गई सहायता के लिए आभार व्यक्त करते हैं।" उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया को 15 अक्टूबर को शिकागो की ओर जाने वाली फ्लाइट एआई 127 को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद सावधानी बरतते हुए इसके यात्रियों और स्टाफ को कनाडा के इकालुएत एयरपोर्ट में उतारा गया।

### उमर अब्दुल्ला ने संभाला जम्मू-कश्मीर की बागडोर

**श्रीनगर :** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की उमर अब्दुल्ला सरकार आज शपथ ग्रहण समारोह के साथ कामकाज संभाल लेगी। मुख्यमंत्री के रूप में उमर अब्दुल्ला समेत कुल 10 मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। शपथ समारोह यहां डल झील के किनारे स्थित शेर-ए- कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सुबह 11:30 बजे हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सभी को शपथ दिलाएंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस की सरकार के गठन के बहाने समारोह को इंडी गठबंधन की शक्ति प्रदर्शन की भी तैयारी भी माना जा रहा है। शपथ समारोह में हिस्सा लेने के लिए कल ही समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव श्रीनगर पहुंच गए। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के भी समारोह में हिस्सा लेने की उम्मीद है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, माकपा नेता प्रकाश करात और भाकपा नेता डी राजा सहित लगभग 50 नेताओं को आमंत्रित किया गया है। नेकां अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने बताया कि शरद पवार बीमार हैं, इसलिए उनकी बेटी सुप्रिया सुले आ रही हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमे स्टालिन की बहन कनिमोझी करुणानिधि आ रही हैं।

### प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोथा उषालक्ष्मी का 91 वर्ष की आयु में निधन

**हैदराबाद :** देश की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और उषालक्ष्मी ब्रेस्ट कैंसर फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. कोथा उषालक्ष्मी का आज यहां हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्होंने 91 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली । डॉ. उषालक्ष्मी ने गुंटूर मेडिकल कॉलेज से स्नातक और पीजी की उपाधि प्राप्त की। वो लंबे समय तक निलोफर अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान विभाग में प्रोफेसर रहीं। स्वयं स्तन कैंसर पर विजय प्राप्त करने वालीं डॉ. उषालक्ष्मी ने सितंबर 2007 में गैरलाभकारी स्तन कैंसर चैरिटी 'उषालक्ष्मी स्तन कैंसर फाउंडेशन' की स्थापना की। फाउंडेशन की स्थापना का मकसद स्तन कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम में तेजी लाना था। डॉ. उषालक्ष्मी ने प्रसिद्ध सर्जन और एसोसिएशन ऑफ सर्जंस ऑफ इंडिया (एएसआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पीवी चलपति राव से शादी की। डॉ. राव का नवंबर, 2020 में निधन हो चुका है। मां डॉ. कोथा उषालक्ष्मी की मौत से गमगीन डॉ. राहु राम ने बयान में कहा "सबसे बड़ी विरासत जो कोई भी अपने पीछे छोड़ सकता है, वह है दूसरों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालना। उनका गौरवशाली जीवन वास्तव में इसका प्रतीक है।" डॉ. उषालक्ष्मी के परिवार में पुत्र डॉ. रघु राम, बहू डॉ. वैजयंती और साई और कृष्णा (पोता-पोती) हैं।

### एडी टी10 लीग में पदार्पण के लिए तैयार यूपी नवाब

**नई दिल्ली :** एडी टी10 लीग में नई फ्रेंचाइजी यूपी नवाब अपना पदार्पण करने के लिए तैयार है। टीम के मालिक वेंचर कैपिटलिस्ट लविश चौधरी हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले चौधरी की गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर से यात्रा उनकी जड़ों से उनके गहरे जुड़ाव और क्रिकेट के प्रति आजीवन जुनून को दशार्ती है। यह नया उद्यम उन्हें खेल के प्रति अपने प्यार को अपने रणनीतिक निवेश दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसी टीम बनाने का मौका देता है जो उत्तर प्रदेश की भावना और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करती है। लविश चौधरी ने टीम के लिए अपनी आकांक्षाओं को साझा करते हुए एक बयान में कहा, ₹क्रिकेट मेरे जीवन का एक मूलभूत हिस्सा रहा है, और एडी टी10 लीग में एक फ्रैंचाइजी का मालिक होना एक सपने के सच होने जैसा है। यूपी नवाबों के साथ, मेरा लक्ष्य उत्तर प्रदेश के गौरव को वैश्विक मंच पर लाना और लीग में एक मजबूत दावेदार के रूप में अपनी उपस्थिति स्थापित करना है। यूपी नवाब एडी टी10 लीग के आगामी 8वें सीजन में दमदार शुरूआत करने के लिए तैयार है। टीम में विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज, गतिशील तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स, पावर-हिटिंग बल्लेबाज आंद्रे फ्लेचर, कुशल लेग स्पिनर आदिल राशिद और शीर्ष क्रम के कुशल बल्लेबाज डेविड मालन सहित कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। एडी टी10 लीग का 8वां सीजन अबू धाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जो टी10 क्रिकेट का नया घर बन गया है। 2017 में अपनी शुरूआत के बाद से इस प्रारूप की अपार लोकप्रियता ने इसे एक तेज-तर्रार मनोरंजक खेल के रूप में स्थापित किया है, इस सीजन में 100,000 से अधिक प्रशंसकों को आकर्षित करने की उम्मीद है।

### प्रतापगढ़ में ईंट से कूचकर युवक की हत्या

**प्रतापगढ़ :** कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार सुबह एयरटेल मैदान में एक युवक का शव मिला। प्रथमदृष्टया उसकी हत्या ईंट के कूचकर प्रतीत हो रही है।सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार संग अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी ने घटना की जांच कर जल्द मामले का खुलासा करने का निर्देश अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को दिया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के कटरा मेंदनीगंज के रहने वाले राईन (25) का शव एटीएल मैदान में मिला। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पूछताछ में पता चला कि युवक का कुछ लोगों से एक दिन पहले विवाद हुआ था। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई। परिजनों के साथ जुटे ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क पर जाम कर दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि कोतवाली देहात अंतर्गत स्थित एयरटेल मैदान में खून से लतपथ राईन नाम के युवक का शव मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंडिया गठबंधन सरकार की उपलब्धियां को घर-घर पहुंचाएगा रांची जिला राजद

**मेट्रो रेज**

**रांची।** रांची जिला राजद इंडिया गठबंधन सरकार की उपलब्धियां को जिले के हर प्रखंड के घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। उक्त बातें रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कही। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की हेमंत सरकार ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में कई उपलब्धियां को हासिल किया है। इनमें अब झारखंड में 200 यूनिट तक बिजली खपत पर कोई पैसे नहीं लिए जाएंगे । सरकार 350 करोड़ सब्सिडी के रूप में झारखंड बिजली वितरण निगम को राशि उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा इनकम टैक्स के दायरे में नहीं आने वाले लोगों का भी बिजली बिल माफ करने की सरकार की योजना है।साथ ही चुनाव के बाद लक्ष्य है कि हर ऐसे घरों में एक-एक लाख रूपए आर्थिक सहायता के रूप में पहुंचाया जाय। पमुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। इस योजना से अभी तक 50 लाख से ज्यादा महिलाएं जुट चुकी हैं। मानकी - मुंडा व 14 परंपरागत ग्राम प्रधानों की सम्मान राशि दोगुनी कर दी गई है। इस पर राज्य सरकार का 89.56 करोड़ का बोझ आएगा। साथ ही कृषि ऋण की राशि भी 50000 से बढ़ाकर एक लाख कर दी गई है।सरकार ने यह भी घोषणा किया है कि गरीबों को रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी दी जाएगी। इस दिशा में खाद्य आपूर्ति विभाग ने काम भी शुरू कर दिया है अब या तो 500 में गैस मिलेंगे या सब्सिडी 500 देय होगी। सदन में इसकी घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की है। देश में पहली बार अधिवक्ता गणों के समृद्ध भविष्य के लिए



झारखंड सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उसमें 5 लाख तक स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, 14 लाख पेंशन राशि जो पहले सात लाख थी तथा स्टाइपेंड राशि जो पहले 1000 थी उसे ?5000 कर दी गई है।अभी तक लगभग 40 लाख लोगों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ हर मांह 1000 की दर से दी जा रही है।

जल संहियाओं को प्रतिमाह 2000 दिए जा रहे हैं साथ ही इन्हें 12000 का स्मार्टफोन भी देने का निर्णय लिया गया है।

अभी तक 2.59 सखी मंडलों को बैंक लिंकेज से जोड़ा गया है।

झारखंड के कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों का मानदेय भी ?6000 तक बढ़ा दिया गया है। रिम्स में 783 करोड़ रुपए से आईपीडी परिसर के जीर्णोद्धार समेत 37 एजेंडे को स्वीकृति दी गई है जिसके तहत गरीबों को 5 लाख तक मुक्त इलाज किया जा रहा है।

मांडर में झारखंड का दूसरा ग्राम न्यायालय खोला गया है । अब ग्रामीणों को शहर का चक्कर नहीं लगाना होगा और कोर्ट का भी बोझ घटेगा। मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का उद्घाटन रांची के नगड़ी में किया गया है। 256 कुष्ठ रोगियों को आवास दिया गया है और 183 युवाओं को नौकरी भी दी गई है।

पहली बार झारखंड पर्यटन एवं अन्य तीर्थ स्थलों का हेलीकॉप्टर से हवाई दर्शन की सुविधा प्रत्येक प्रति घंटे की दर पर उपलब्ध कराई गई है। झारखंड में अब सिर्फ 1 में फसल बीमा होगा और 5 एकड़ तक जमीन वाले किसानों को इसका लाभ मिलेगा। नई दिल्ली में न्यू झारखंड भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। लगभग 100 करोड़ की लागत से सात मंजिला आलीशान भवन बनाया गया है।

सावित्री फुले किशोरी समृद्धि का लाभ अब 600 से बढ़ाकर 1200 कर दिया गया है। उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना की घोषणा सरकार ने की है। इसके तहत हर वर्ष 8 लाख रुपए तक के पुरस्कार सरकार देगी। राज्य के गरीबों को मुफ्त में बालू देने की भी घोषणा सरकार ने सदन में की है।

400 करोड़ की लागत से रांची स्मार्ट सिटी में होटल ताज बनेगा। सरकार और इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के बीच एक एमओयू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट से लगभग 1000 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

झारखंड में अभी तक 461 से अधिक योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। हाल के दिनों में सरकार ने कई विभागों में हजारों नौकरियों के लिए समारोह का आयोजन कर बेरोजगार युवकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया है।

इसके अलावा भी सरकार की ओर से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले जैसे म्यूटेशन, मापी, लगान, रसीद आदि, गुरु जी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मनरेगा, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा का आवेदन व वितरण, धोती-लूंगी-साड़ी वितरण, सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना, कंबल वितरण योजना, राशन एवं आधार कार्ड में संशोधन, आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए यह कार्यक्रम इंडिया गठबंधन की सरकार की ओर से चलाया जा रहा है।

## अवैध पार्किंग से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं स्थानीय लोगों में आक्रोश



**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा चौक पर स्थित भोला मिष्ठान भंडार के बाहर अवैध पार्किंग के चलते सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह अवैध पार्किंग आए दिन सड़क पर रुकावट पैदा कर रही है, जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। मंगलवार शाम को इसी तरह की एक और घटना सामने आई, जहां तीन गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं।

घटना के दौरान पहले एक टर्बो वाहन ने एक कार को टक्कर मारी। टक्कर के बाद कार चालक का वाहन अनियंत्रित हो गया और पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल उससे जा टकराई। हालांकि इस दुर्घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन मोटरसाइकिल और कार को नुकसान पहुंचा। दुर्घटना के बाद मौके पर जमा हुई भीड़ ने इस स्थिति पर गुस्सा जाहिर किया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मिष्ठान भंडार के सामने सड़क पर की गई अवैध पार्किंग आए दिन जाम और दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। लोगों ने इस अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि अगर इसे जल्द नहीं हटाया गया, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी गई है, और निवासियों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही कोई सख्त कदम उठाया जाएगा ताकि इस अवैध पार्किंग को हटाया जा सके और भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके।

## सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**मेट्रो रेज**

**ठाकुरगांवः** खेलकूद प्रतियोगिता मे सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल नॉज,(ठाकुरगाँव )रांची एवं सेक्रेड नॉलेज प्ले स्कूल,बेड़ो रांची के लगभग 400 बच्चों ने कबड्डी,खो -खो,चम्मच दौड़,बिस्किट दौड़,वाद विवाद,चित्रकला,भाषण प्रतियोगिता आदि मे भाग लिया। विशेषज्ञ शिक्षकों के देखरेख में सभी प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। जिसमें कबड्डी,खो -खो, चित्रकला,भाषण,बिस्कुट दौड़, चम्मच दौड़ एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल चट्टी लोहरदगा के बच्चों ने बाजी मारकर प्रथम स्थान पर रहे जबकि सेक्रेट नॉलेज प्ले स्कूल बेड़ो,रांची एवं सेक्रेट नॉलेज पब्लिक स्कूल नॉज (ठाकुरगांव) रांची के बच्चे दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक छत्रपाल राम उस्ताद,कांजो मध्य विद्यालय के भूतपूर्व प्रधानाचार्य शंभू कुमार राणा जी की गरिमामय उपस्थिति रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल चट्टी के निदेशक अमित कुमार ने अपने संबोधन मे कहा बच्चे देश के भविष्य हैं,बच्चे के बीच ऐसे प्रतियोगिता के आयोजन होने से बच्चों मे अपनी कमियों अपनी खूबियों को जानने का अवसर मिलता है।भविष्य मे भी विद्यालय मे इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन होते रहेगा जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का अवसर मिलता रहेगा।सेक्रेड नॉलेज प्ले स्कूल बेड़ो के निर्देशक संजय कुमार ने कहा खेल में हार जीत लगी रहती है जो हार गए उसे हताश नहीं होना है और जो जीत गए उसे अति उत्साहित भी नहीं होना है,खेल के जैसा ही जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता है और उसे पूरा करने के लिए हमें गतिशील रहने की आवश्यकता है।सेक्रेड नॉलेज पब्लिक स्कूल नॉज के निदेशक विष्णु कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेल खुद भी बहुत ही महत्वपूर्ण है खेलकूद हमें अनुशासित रखता एवं जीवन में आगे की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने बच्चों के उत्साहवर्धन करते हुए कहा झारखंड के अनेक बच्चों ने खेलकूद के क्षेत्र मे झारखंड का नाम देश मे रौशन किया है केवल इन बच्चों को दिशा निर्देश एवं गाइड की आवश्यकता है वहीं भूतपूर्व प्राचार्य शंभू कुमार राणा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से विद्यालय के शिक्षक लक्ष्मी शर्मा,मार्था लकड़ा,गुलशन कुमार,राहुल सिंह,तुषार खन्ना,नीलम कुमारी,अर्चना लकड़ा,पूजा कुमारी,नीरू खालको,पंकज कुमार आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## मांडर हादसे के पीड़ितों को राहत: शिल्पी नेहा तिर्की ने दी अनुग्रह राशि

**मांडर :** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर क्षेत्र में हाल ही में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होती हैं और इनके कारण मृतकों के परिजनों को जो क्षति होती है, उसकी भरपाई करना असंभव है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक तिर्की ने आज मांडर सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा एक-एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर लाभार्थियों में रानी रजनी ग्राम एक्का, बिनीत किस्पोट्टा, डहरू उरांव, सुशील उरांव के परिवार, एतवा मिंज, अनीता उरांव और जतरू उरांव समेत कई अन्य परिवारों को राहत राशि वितरित की गई। विधायक ने कहा कि यह सहायता राशि उनके दुख को कम नहीं कर सकती, लेकिन इससे उन्हें कुछ हद तक आर्थिक सहायता मिलेगी। इस कार्यक्रम में अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव के साथ अन्य स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाटा रोड स्थित हनुमान मंदिर में हुयी विशेष पूजा अर्चना



चक्रधरपुरः चक्रधरपुर का हृदय स्थली माने जाने वाला बाटा रोड में अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार के दिन विशेष पूजा अर्चना मंदिर के पूजारी विष्णु पाठक के द्वारा की गयी। इस अवसर पर आज प्रातःकाल से ही हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना आरती एवं शाम को भजन संध्या के साथ विशेष पूजा अर्चना संपन्न हुयी। इस अवसर पर भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। आज मंगलवार के दिन मंदिर के पूजारी विष्णु पाठक के द्वारा किये जाने वाले पूजा अर्चना के समय काफी संख्या में श्रद्धालु और भक्तजनों की भीड़ उमड़ती है। दुर दराज से सभी भक्तजनों का आगमन होता है। श्री पाठक बताते हैं कि इस प्राचीन मंदिर से लोगों का गहरा लगाव और आत्मीय जुड़ाव है जिसके फलस्वरूप प्रत्येक मंगलवार को विशेष पूजा के समय लोगों का आवागमन होता है। इसके अलावे शनिवार को भी लोग पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते हैं।

## आईएएस अधिकारी मंजुनाथ भजोन्तरी अपने बेहतर कार्य प्रणाली से लोगों को करते रहे हैं भाव विभोर

**बिनय मिश्रा**



**आईएएस** अधिकारी का नाम सुनते ही लोग सहज रूप से यह विश्वास नहीं कर पाते कि जिला के उपायुक्त पद पर सर्वोच्च अधिकारी की सरलता और सुगमता ऐसी भी होती है। जी हाँ! हम बात कर रहे हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी मंजुनाथ भजोन्तरी की उनकी सादगी की वानगी अपने आप में एक उत्कृष्ठ उदाहरण भी है। लोगों की समस्या तथा उनकी परेशानी सुनने और जानने की उनमें अद्भूत क्षमता रही है। वे आम जनों से जब मिलकर उनकी पीड़ा जानने और समझने की चेष्टा किया करते थे तब यह सहज रूप से विश्वास ही नहीं होता था कि ये जिला के सर्वोच्च अधिकारी हैं। यह सहज विश्वास ही नहीं होता था। वृद्ध महिला के प्रति अपनत्व स्नेह बच्चों को टेबल पर बैठाकर उनसे बात करना उनकी विशेषता थी। हालांकि सरकारी सेवा में कभी-कभी स्थिति और परिस्थिति प्रतिकुल हो जाती है और इसके फलस्वरूप कहीं न कहीं कोई पीड़ाजनक स्थिति भी बनती है किन्तु भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी न कभी विचलित हुए और ना ही उपेक्षा ही महसूस किया। लोकसभा चुनाव के समय जमशेदपुर से उन्हें उपायुक्त पद से मुक्त किया गया तथा वर्तमान समय में महज 14 दिन ही राँची जिला के उपायुक्त रहें। एक अक्टुबर को प्रभार ग्रहण करने वाले मंजुनाथ भजोन्तरी 15 अक्टुबर को इस पद से विमुक्त कर दिये गये। सरकारी सेवा में तबादला सामान्य प्रक्रिया है और यह सेवाकाल का एक महत्वपूर्ण अंग भी।"

## वरूण रंजन रांची के नये उपायुक्त बनें

**ज्योति पाठक**



राँची के नये उपायुक्त के रूप में वरूण रंजन ने पदभार ग्रहण किया। श्री रंजन भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं तथा श्री रंजन अपने बेहतर कार्यप्रणाली और उपलब्धि के कारण भारतीय प्रशासनिक सेवा के तेज-तर्रार, कर्मठ और अपने जवाबदेही के लिए पहचाने जाते हैं। राँची के नये उपायुक्त वरूण रंजन इससे पूर्व पाकुड़, धनबाद के भी लोकप्रिय उपायुक्त रह चुके हैं। इसके अलावे श्री रंजन मनरेगा आयुक्त रहते काफी बेहतर और उत्कृष्ठ कार्य भी किया जिसके फलस्वरूप राज्य में मनरेगा कार्यक्रम को काफी ख्याति और उपलब्धि भी मिली। श्री रंजन अपने प्रशिक्षण के दौरान सरायकेला-खरसवां जिला में भी पदस्थापित रहें और उनकी पत्नी श्रीमती नैनसी सहाय हजारीबाग की उपायुक्त हैं। श्रीमती सहाय भी भारतीय प्रशासनिक 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

## मां तु धन्य है, मां के बराबर कोई नहीं



**माँ तो माँ** है, माँ का क्या कहना, माँ की यह कृपा है कि अपनी सब कष्ट और पीड़ा भुलकर बच्चे के लिए हमेशा रहती है समर्पित। इसी के फलस्वरूप कहा जाता है कि माँ का ममता होता है अनमोल और अपनी पीड़ा को क्या कहे बच्चे के लिए सब अपनी पीड़ा जाती है भूल। यह दृश्य देखकर यही कहा जा सकता है कि माँ की ममतत्व से बच्चे भी हो जाते हैं भाव-विभोर और उनके मुख से यह बरबस निकल पड़ता है मेरे माँ के बराबर कोई नहीं। माँ की स्नेह और ममतत्व को कौन भला आंक सका है, माँ के हृदय में कितनी पीड़ा है इसे कौन बता सका है, माँ तो माँ है, बस यही कहा जा सकता है।

## उपायुक्त के रूप में मंजुनाथ भजोन्तरी महज 14 दिनों तक ही बने रहे




**मेट्रो रेज**

**भारतीय** प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी मंजुनाथ भजोन्तरी कभी विकास के लिए राज्य में पहचाने जाते थे किन्तु अब उनकी पहचान विवाद के रूप में हो रही है। ऐसा लोगों का मानना है। श्री भजोन्तरी सिमडेगा, लोहरदगा जिला में जब उपायुक्त पद पर पदस्थापित थें तब उनकी गिनती विकास कार्यों के कारण लोकप्रिय उपायुक्त के रूप में होती थी। किन्तु देवघर जिला में रोपवे दुर्घटना के समय उपायुक्त श्री भजोन्तरी और गोड्डा के सांसद निशिकान्त दुबे के बीच हुई विवाद और शीत युद्ध के फलस्वरूप विवाद काफी दिनों तक बना रहा। इसके पश्चात देवघर एरोड्रम के मामले में भी उपायुक्त और सांसद की वाक युद्ध और आरोप-प्रत्यारोप खुब चर्चा में रहा। इसके बाद देवघर से इनका तबादला जमशेदपुर उपायुक्त के रूप में हुआ। किन्तु लोकसभा चुनाव के समय चुनाव आयोग ने इन्हें चुनाव कार्य इन्हें वंचित रखने का आदेश दिया। जिसके फलस्वरूप लोकसभा चुनाव के समय इन्हें जमशेदपुर से हटना पड़ा। 1 अक्टुबर को राँची के तत्कालीन उपायुक्त राहुल सिन्हा के स्थान पर मंजुनाथ भजोन्तरी को उपायुक्त बनाया गया। इनके उपायुक्त बनने के पश्चात से ही यह चर्चा जोरों पर उठने लगी कि विधानसभा चुनाव के समय इन्हें चुनाव कार्य से पुनः वंचित होना पडेगा। इस परिस्थिति में इनका बदलना निश्चित है और हुआ भी यही। चैदह दिनों के पश्चात श्री भजोन्तरी को राँची के उपायुक्त पद से हटाकर उनके स्थान पर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के अधिकारी वरूण रंजन को राँची का नया उपायुक्त बनाया गया। इस प्रकार से राँची जिला के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी उपायुक्त के कार्यकाल महज चैदह दिन का ही रहा और पन्द्रहवें दिन उन्हें जिला से विदा कर दिया गया।